Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार
मूर्तियां एवं समस्त
पूजन सामग्री
संगमरमर व पीतल की
मूर्तियां राशि रत्न
एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

# समय दर्शन

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में
सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पताः- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 13, अंक 336 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये दुर्ग, बुधवार 02 अक्टूबर 2024 www.samaydarshan.in

# कांग्रेस का फार्मूला है ना काम करो और ना काम करने दो : मोदी

- पीएम मोदी ने पलवल में कहा कि कांग्रेस एमपी में भी जश्न मनाने लगी थी
- पीएम मोदी का बड़ा अटैक, 10 साल हो गए हरियाणा वाले सत्ता दे देंगे

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** हरियाणा के पलवल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक चुनावी सभा करने पहुंचे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री और भाजपा नेता नायब सिंह सैनी और अन्य पार्टी नेताओं ने उनका अभिनंदन किया। अपने संबोधन के शुरूआत में मोदी ने कहा कि हरियाणा के लोगों ने विधानसभा चुनाव में एक बार फिर भाजपा को भारी बहुमत से जिताने का निश्चय कर लिया है। उन्होंने कहा कि मैंने एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में लंबे समय तक हरियाणा की जमीनी राजनीति को देखा है। बीते दिनों हरियाणा के अलग-अलग क्षेत्र में मुझे चुनाव अभियान के लिए, जनता-जनार्दन के दर्शन के लिए जाने का अवसर मिला है। आज इस चुनाव की ये मेरी अंतिम सभा है। आपने भी मेरी इस चुनाव की आखिरी सभा को चार चांद लगा दिए हैं। मोदी ने कहा कि आज गांव-गांव में चारो तरफ भाजपा की लहर है। हर जगह एक ही आवाज



गूंज रही है - भरोसा दिल से, भाजपा फिर से...। उन्होंने कहा कि हरियाणा का तो ट्रैक रिकॉर्ड रहा है कि केंद्र में जिसकी सरकार रहती है, हरियाणा में भी उसी की सरकार बनती है। आपने दिल्ली में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाई, अब यहां हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा सरकार बनाना आप लोगों ने तय कर लिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने हमें सिखाया है कि काम करो, मेहनत से करो। कांग्रेस का फॉर्मूला है- ना काम करो और ना दूसरों को काम करने दो। कांग्रेस की राजनीति केवल झूठे वादों तक सीमित रहती है, जबकि भाजपा की राजनीति मेहनत और परिणामों पर टिकी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम परिणाम पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि कांग्रेस कभी भी खुद मेहनत नहीं करती। कांग्रेस को लगता था कि 10 साल हो गए, हरियाणा वाले उन्हें थाली में परोसकर सत्ता दे देंगे। यही गलतफहमी कांग्रेस को मध्य प्रदेश में भी थी, वहां भी कांग्रेस के लोग पहले ही जीत का जश्न मनाने लगे थे। लेकिन मध्य प्रदेश की जनता ने वोटिंग के दिन कांग्रेस को दिन में तारे दिखा दिए। उन्होंने कहा कि यहां हरियाणा में कांग्रेस के भीतर जो कलह मची है, उसे भी यहां के लोग देख रहे हैं। कांग्रेस से सबसे अधिक नाराजगी तो दलित, पिछड़े, वंचित समाज की है। दलित समाज ने भी ठान लिया है कि वो बापू-बेटे की राजनीति को चमकाने का मोहरा नहीं बनेंगे। नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने देश के लिए जरूरी हर विषय को उलझाए रखा... कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर नहीं बनने दिया। कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर में संविधान पूरी तरह से लागू नहीं होने दिया। उसने हमारी बहनों को संसद और विधानसभा में आरक्षण से वंचित रखा। उसने हमारी मुस्लिम बहनों को तीन तलाक की समस्या में उलझाए रखा। कांग्रेस ने देश की, देशवासियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया बल्कि अपने परिवार को स्थापित करने में पूरी शक्ति लगा दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस देश से देशभक्ति को ही चूर-चूर करना चाहती है। कांग्रेस को लगता है कि देश के लोगों में एकता की भावना जितनी प्रबल होगी, कांग्रेस का जीतना उतना ही असंभव होगा। इसलिए कांग्रेस, देशभक्तों की एकता तोड़ने के लिए नए-नए प्रयोग कर रही है।

## अधिकारी ने अपनी जगह दूसरे व्यक्ति को ओआईसी बनाकर भेजा,महाधिवक्ता ने की कार्रवाई की मांग...



**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** बिलासपुर हाईकोर्ट में एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक अधिकारी ने अपनी जगह दूसरे व्यक्ति को ओआईसी (प्रभारी अधिकारी) बनाकर जवाब प्रस्तुत करने भेज दिया। महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत ने इस पर नाराजगी जताते हुए मुख्य सचिव को पत्र लिखकर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोर्ट की नोटिस के बाद महाधिवक्ता कार्यालय ने जल संसाधन विभाग के ओआईसी को जवाब फाइल कराने बुलाया था। अतिरिक्त महाधिवक्ता ने जब जरूरी दस्तावेजों के संबंध में जानकारी मांगी तब यह गड़बड़ी सामने आई। धोखाधड़ी से नाराज महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर दोनों अफसरों के खिलाफ कार्रवाई करने कहा है। साथ ही एजी आफिस में जवाब दावा बनवाने के लिए अब शासन द्वारा नियुक्त ओआईसी को ही भेजने को कहा है। बता दें कि सुरेश कुमार पांडे, ईई जल संसाधन विभाग, तांदुला डिवीजन, दुर्ग को राज्य शासन ने हाईकोर्ट के विभाग संबन्धी मामलों में प्रभारी अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत किया। 25 जनवरी 2024 को संबंधित प्रभारी अधिकारी को फ़ाइल आवंटित की गई थी और उसके बाद, 25 सितंबर 2024 को जवाब-दावा तैयार किया गया था। 26 सितंबर 2024 को प्रदीप कुमार वासनिक, ईई, डब्ल्यूआरडी, कोरबा सुरेश कुमार पांडे बनकर जवाब-दावा बनवाने महाधिवक्ता कार्यालय पहुंचे। महाधिवक्ता कार्यालय के लॉ अफसरों ने ओआईसी सुरेश पांडेय समझकर फाइल प्रदीप वासनिक के हवाले कर दी। कोर्ट के लिए जवाब तैयार करने के दौरान अतिरिक्त महाधिवक्ता ने जब जरूरी दस्तावेजों और शासन के दिशा निर्देशों के बारे में पूछा तो प्रदीप वासनिक जवाब नहीं दे सके। आखिरकार उन्होंने स्वीकार किया कि वे जवाब फाइल कराने के लिए सुरेश कुमार पांडेय बनकर महाधिवक्ता कार्यालय पहुंचे हैं। वास्तव में वह प्रदीप वासनिक हैं।

## हरियाणा में बोले राहुल संविधान खत्म करना चाहती है भाजपा...



**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हरियाणा के बहादुरगढ़ में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा कि हर कोई जानता है कि यहां ड्रग्स का मुद्दा है। मैं मोदी जी से पूछता हूं कि जब अडानी के मुद्रा पोर्ट पर हजारों किलो ड्रग्स पकड़ी गई, तो आपने क्या कार्रवाई की ? उन्होंने दावा किया कि जब हम सत्ता में आएंगे, तो 1200 रुपये में बिकने वाला (एलपीजी) गैस सिलेंडर अब 500 रुपये प्रति सिलेंडर पर उपलब्ध होगा। हम हरियाणा के किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य भी देंगे। राहुल ने कहा कि हरियाणा के लोग सेना में जाते थे, लेकिन नरेंद्र मोदी ने 'अग्निवीर योजना' लाकर इस रास्ते को भी बंद कर दिया है। अग्निवीर योजना हिंदुस्तान के जवानों से पेंशन, कैंटीन और शहीद का दर्जा चोरी करने का तरीका है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के दलितों, पिछड़ों, गरीबों को जो भी मिला है, वो सभी संविधान की देन है। लेकिन भाजपा हमेशा संविधान पर आक्रमण करती रहती है। उन्होंने कहा कि जब आरएसएस के लोग देश के संस्थानों में अपने लोगों को भरते हैं और गरीबों, वंचितों को जगह नहीं देते- वो संविधान पर आक्रमण करते हैं। जब नरेंद्र मोदी, अडानी-अंबानी की मदद करते हैं। और हिंदुस्तान में रोजगार का सिस्टम खत्म करते हैं- वो संविधान पर आक्रमण करते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा संविधान को खत्म करती है, हम संविधान की रक्षा करते हैं। उन्होंने दावा किया कि आज के हिंदुस्तान में कुछ चुनिंदा अरबपतियों के पास सारा पैसा जा रहा है। वहीं पेट्रोल-डीजल, प्याज जैसी चीजों के दाम बढ़ाकर आपकी जेब से लगातार पैसा निकाला जा रहा है। सच्चाई यही है- किसी एक सामान के लिए जितनी त्रस्ज्ञ अडानी-अंबानी देते हैं, उतनी ही त्रस्ज्ञ देश का सबसे गरीब किसान भी देता है। इसलिए मैंने मन बना लिया है- जितना पैसा नरेंद्र मोदी अडानी-अंबानी को देंगे, उतना ही पैसा हम देश के किसानों, गरीबों और महिलाओं को देंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### कमला कालेज में चलाया गया स्वच्छता अभियान




**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के अंतर्गमत राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में वृहद रूप से स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के समस्त स्टाफतथा छात्राओं द्वारा संपूर्ण महाविद्यालय परिसर की सफाई की गई। स्वच्छता अभियान से पहले प्राचार्य डा. आलोक मिश्रा द्वारा छात्राओं तथा समस्त स्टाफको स्वच्छता हेतु शपथ दिलायी गयी।

### राज्य स्तरीय ATL मॉडल प्रदर्शनी में सेजस जामगांव आर से हुमेस देशमुख तृतीय स्थान हासिल कर किया शाला को गौरवान्वित




**पाटन।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय जामगांव आर से राज्य स्तरीय॰ऋरुप्रदर्शनी टिकराथन 2024 का आयोजन बिलासपुर में किया गया था । जिसमे सेजस जामगांव आर से हुमेश देशमुख, अमन निषाद ,डोमेश ठाकुर प्रतिभागी रहे। प्रतियोगिता में हुमेश देशमुख ने पूरे राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त कर पाटन विधानसभा शाला को गौरवान्वित किया है। निश्चय ही आधुनिक संसार के साथ हमारे विद्यालय के बच्चे कदम से कदम मिलाकर चल रहे है। इस कार्यक्रम के॰ऋरुप्रभारी श्रीमती विनीता सुधीर को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए प्राचार्य राजेश पिल्लई ने कहा हमारे बच्चें सभी विधा में पारंगत हैं। चाहे वह कोई भी प्लेटफार्म हो।इस अवसर पर सभी कर्मचारियों तथा शिक्षकों ने बधाई संप्रेषित किया।

### गांधी जयंती पर होगा विविध आयोजन, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताएंगे स्वच्छता का महत्व, नया बस स्टेंड में होगा कार्यक्रम

**पाटन।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के आवाह्न पर एवं प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार व जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पाटन नगर में 2 अक्टूबर को गांधी जंयती व शास्त्री जयंती के अवसर में साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा । स्वच्छता के प्रति आमजनों को संदेश दिया जाएगा। तत्पश्चात नगर पंचायत पाटन कार्यालय में स्थापित गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनाया जाएगा।इस अवसर पर मुख्य रूप से दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ,भाजपा दुर्ग जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ,पाटन विधानसभा संयोजक दिलीप साहू ,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हर्षा चंद्राकर ,मध्य पाटन मण्डल अध्यक्ष खेमलाल साहू ,दक्षिण पाटन मण्डल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ,उत्तर पाटन मण्डल अध्यक्ष लोकमणी चंद्राकर, महामंत्री द्वय हरिशंकर साहू,विनय चंद्राकार ,पाटन नगर शक्ति केंद्र संयोजक मेहत्तर राम वर्मा ,सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक जी की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। यह कार्यक्रम योगेश निक्की भाले – नेता प्रतिपक्ष पाटन, मण्डल संयोजक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम राज देवांगन,चन्द्रिका साहू,ओमप्रकाश साहू, मण्डल सहसंयोजक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के नेतृत्व में होगा।

### सैमसंग टीवी प्लस ने चैनल लाइनअप का विस्तार किया, इंडिया टीवी ग्रुप के 4 नए FAST चैनल्स जोड़े

**गुरुग्राम:** सैमसंग टीवी प्लस, जो भारत में सैमसंग का फ्री ऐड-सपोर्टेड स्ट्रीमिंग टीवी सर्विस है, ने इंडिया टीवी ग्रुप के साथ मिलकर चार नए चैनल लॉन्च किए हैं। इस साझेदारी के तहत, इंडिया टीवी ग्रुप के खास CTV चैनल्स – इंडिया टीवी, इंडिया टीवी स्पीड न्यूज, इंडिया टीवी आप की अदालत, और इंडिया टीवी योगा अब सैमसंग टीवी प्लस पर उपलब्ध होंगे। अब दर्शक आसानी से न्यूज़, करंट अफेयर्स, फिटनेस और मनोरंजन के बेहतरीन कार्यक्रम देख सकते हैं। सैमसंग टीवी प्लस एक फ्री स्ट्रीमिंग सर्विस है, जो सैमसंग स्मार्ट टीवी पर पहले से इंस्टॉल होती है।

# सतरुपा शीतला मंदिर में जलेंगे अमेरिका, ईटली के श्रद्धालु के नाम मनोकामना ज्योत

### मंदिर में 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक नवरात्र पर्व धुमधाम से मनाने की तैयारी



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध देवी मंदिरों में से एक प्राचीन मां सतरुपा शीतला मंदिर सिविललाईन कसारीडीह में मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित करवाने श्रद्धालुओं में भारी आस्था व उत्साह है। नवरात्र पर इस वर्ष मंदिर समिति द्वारा 1551 की संख्या में ज्योत प्रज्जवलित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह लक्ष्य संख्या नवरात्र प्रारंभ होने के दो दिन शेष रहते हुए लगभग पूर्णत: की ओर है। इस बार मंदिर में अमेरिका,ईटली के अलावा देश के लगभग सभी राज्यों के श्रद्धालुओं के नाम मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित होंगे। यह शीतला मंदिर प्रदेश का ऐसा पहला प्राचीन मंदिर है, जहां मां शीतला सात रुपों में विराजमान है। यहां का जलकुंड कभी सुखता नहीं है। मान्यता है कि जलकुंड के पानी सेवन करने व शरीर में लगाने से असाध्य रोग दूर हो जाते है। असाध्य रोग दूर होने और मनोकामना पूर्ण होने से मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है। इन्हीं वजहों से प्रतिवर्ष नवरात्र के दोनो पर्व चैत्र व क्वांर पर यहां श्रद्धालुओं की भीड़ से मेला का माहौल होता है। मां सतरुपा शीतला मंदिर सेवा समिति सिविललाईन कसारीडीह द्वारा नवरात्र पर इस वर्ष भी 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा सांस्कृतिक आयोजन किए गए है। मंदिर में नवरात्र पर्व की शुरुआत 3 अक्टूबर को शुभ मुहूर्त पर 11.30 बजे मनोकामना ज्योत प्रज्जवलन के साथ होगी। 5 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत जिला बालोद के ग्राम मोखा निवासी प्रसिद्ध लोकगायक युगल किशोर साहू द्वारा निर्देशित कारी बदरिया कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। पंचमी पर 8 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे प्रसिद्ध कलाकार भूपेन्द्र यादव ग्राम करमतरा जिला खैरागढ़ द्वारा जस झांकी की प्रस्तुति दी जाएगी। अष्टमी पर 11 अक्टूबर को शाम 4 बजे हवन-पूजन के पश्चात माता स्वरुप कन्याओं को सामुहिक भोज करवाया जाएगा। नवरात्र के समापन पर 12 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे ज्योति कलश की विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए मां सतरुपा शीतला मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू ने बताया कि नवरात्र पर्व को लेकर मंदिर में विशेष साज-सज्जा की गई है। मंदिर के भीतरी हिस्से में सौन्दर्यीकरण कार्य के अलावा मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार पर भव्य द्वार का निर्माण प्रगति पर है। नवरात्र पर्व को भव्य बनाने में मंदिर में अंतिम तैयारी चल रही है। तैयारियों में मां सतरुपा शीतला सेवा समिति अध्यक्ष रोमनाथ साहू, उपाध्यक्ष शिवसागर सिन्हा, सचिव प्रदीप देशमुख,कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र धर्माकर, संयुक्त सचिव चंपा साहू, कार्यकारिणी सदस्य तामेश्वर यादव, पुष्पा श्रीवास, सदस्य भीखम साहू,आरके भटनागर, रणधीर सिंह राजपूत, कृष्णा देशमुख, राजेश साहू, दीनानाथ निर्मलकर, राजा सिंह राजपूत, भागवत सिन्हा, श्रीधर भजने व अन्य सदस्य जुटे हुए है।

## पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने सेक्टर लेवल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन




**जांजगीर ,,( नवागढ़ )।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय जांजगीर में पुरुष एवं महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 30/09/2024 को किया गया । जिसमें पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने जांजगीर की टीम को एक जीरो से पराजित करके फाइनल में प्रवेश किया।फाइनल मैच अकलतरा टीम एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के बीच हुआ , जिसमें पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय की खिलाड़ियों पूजा आदिले ,मनीषा कश्यप ,सुमन साहू ,पायल और आंसू रानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया, जिनमें से तीन छात्राओं का राज्य स्तरीय के लिए पूजा आदिले , मनीषा कश्यप ,और सुमन साहू का चयन किया गया।पंडित जवाहरलाल नेहरू के संचालक श्री वी के अग्रवाल एवं संचालिका श्रीमती अन्नपूर्णा बंसल एवं उप प्राचार्य सिंपल रजक द्वारा खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिया गया।

## व्याख्याता कमलेश साहू छग शिक्षक रत्न से सम्मानित




**शंकर लहरे/ सागरपाली ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजन धारा सेवा समिति के तत्वावधान में सरायपाली में आयोजित छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न सम्मान समारोह 2024 में शासकीय हाई स्कूल रोहिना विखं बसना के व्याख्याता कमलेश साहू को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कमलेश साहू शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के साथ-साथ लेखन कला के क्षेत्र उल्लेखनीय कार्य किये हैं। उनके आलेख, संपादकीय, आलोचना, कविता आदि विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुका है। उन्हें पर्यावरण सुरक्षा के प्रति विशेष जन जागरूकता अभियान चलाने के लिए जाना जाता है। स्कूल परिसर को हरा भरा करने के लिए स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए विशेष वृक्षारोपण अभियान चला रहे हैं। उन्होंने रोवर लीडर के रूप में कार्य करते हुए शाउमावि सरसीवां के करीब दर्जन भर छात्रों को राज्यपाल पुरस्कार से भी पुरस्कृत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कमलेश साहू को विधयाक श्रीमती चातुरी नंद, सरायपाली जनपद पंचायत अध्यक्ष कुमारी भास्कर एवं विशिष्ट अतिथि चंद्र कुमार पटेल, पार्षद स्वर्ण सिंह सलूजा एवं रोमी सलूजा की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं एक पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने पर बसना बीईओ जेआर डहरिया, एबीईओ बद्री विशाल जोल्हे, बीआरसीसी पूर्णानंद मिश्रा, रोहिना स्कूल प्राचार्य अजय जायसवाल एवं शिक्षक साथी एवं इष्ट मित्रों ने बधाई दी है।

## छत्तीसगढ़ में 27 प्रतिशत आरक्षण व ओबीसी जनगणना के लिए ओबीसी महासभा ने निकाली विशाल मशाल रैली




**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई के आव्हान व ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम, प्रदेश कोषाध्यक्ष महावीर कलिहारी, प्रदेश महासचिव एड महेन्द्र वर्मा, सहसचिव पुनेश्वर देवांगन एवं मनसुखदास साहू, बालोद ब्लाक अध्यक्ष पवन साहू की उपस्थिति में राजनांदगांव जिला ओबीसी महासभा के अध्यक्ष अधिवक्ता नरेश गंजीर व महिला अध्यक्ष श्रीमती कांति मौर्य के नेतृत्व में ऊर्जावान कार्यकर्ताओं एवं सभी ओबीसी समाज के जिला अध्यक्षों, ब्लाक अध्यक्षों व अन्य पदाधिकारियों के द्वारा दिनांक 30 सितंबर को सांय 5.30 बजे मशाल रैली के साथ जय स्तंभ चौक राजनांदगांव से प्रारंभ कर मानव मंदिर चौक, गुरूद्वारा चौक होते हुए जीई रोड़ चलते हुए भदौरिया चौक से कलेक्टर कार्यालय जाकर कलेक्टर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी अतुल विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें ओबीसी समाज में से साहू समाज के जिला अध्यक्ष भागवत साहू, देवांगन समाज के नगर अध्यक्ष दयावान देवांगन, लोधी समाज के शहर अध्यक्ष चेतन वर्मा, यादव समाज के संरक्षक शीलू यादव, निषाद समाज के संरक्षक विजय लाल निषाद, गडरिया पाल समाज के जिला अध्यक्ष खिलेश्वर पाल, सिन्हा कलार समाज के संरक्षक दीपक ड़डसेना, लोहार विश्वकर्मा समाज के जिला अध्यक्ष राधेलाल विश्वकर्मा, नगर साहू समाज के अध्यक्ष कुलेश्वर दास साहू, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के संयोजक भागवत साहू, लक्ष्मीकांत साहू, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुदेश टीकम, मदन साहू, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीष देवांगन, जोहार पार्टी के शहर अध्यक्ष लेखू साहू, महेश कुमार यादव, इंजी. जीआर देवांगन, छगन साहू, नरेंद्र विश्वकर्मा शिवशंकर, संदीप कोलहटकर, प्रहलाद फुले, वासुदेव, कुंती साहू, दिलेश्वरी रावटे, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के हुकुमचंद बांधे सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित हुए। ओबीसी समाज के लिए दो प्रमुख मांगों जिसमें से छत्तीसगढ़ में 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने एवं ओबीसी समाज का राष्ट्रीय जनगणना कराने का, आजाक्स राजनांदगांव के प्रमुख डॉक्टर प्रोफेसर केएल टांडेकर, सिद्धार्थ चौरे, श्री अनोखे अपने पदाधिकारियों सहित प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होकर ओबीसी महासभा को समर्थन देते हुए सभा को संबोधित किया। ओबीसी समाज के ऊर्जावान कार्यकर्ताओं ने हाथों में मशाल लेकर अजा, अजजा एवं पिछड़ा वर्ग पर हो रहे अत्याचार व हिंसा को रोकने तथा अपने 21 सूत्रीय मांगों की तख्ती लेकर जय ओबीसी-जय संविधान, सारे अजा-अजजा व ओबीसी एक समान, ओबीसी जनगणना कराना होगा, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल को 27 प्रतिशत आरक्षण विधेयक में हस्ताक्षर करना होगा, आदि मांगों की नारे व जयकारे के साथ भारी से भारी संख्या में चलकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

### स्वच्छता पखवाड़ा का आज होगा समापन

**पाटन ( समय दर्शन )।** जनपद पंचायत पाटन के स्वच्छ भारत मिशन शाखा द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा था जिसका समापन गांधी जयंती के दिन 2 अक्टूबर को होगा। विश्राम गृह के पीछे मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद विजय बघेल , जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकामणी चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष रामबाई सिन्हा मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन के चार क्लस्टर के सभी प्रतिभागी शामिल होंगे। महिलाओं के लिए विविध खेल स्पर्धा का भी आयोजन किया गया है। स्वच्छता शपथ भी दिलाई जाएगी। विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। बिहान केडर के महिलाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

## स्वस्थ जांजगीर-चांपा अंतर्गत बम्हनीडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा दिव्यांगता जांच शिविर



### कलेक्टर ने शिविर पहुँच कर शत प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड पंजीयन करने के दिए निर्देश

**जांजगीर-चांपा ( समय दर्शन )।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने जिले के बम्हनीडीह विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में लगाए गए दिव्यांगता जांच शिविर का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र का वितरण किया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने स्वस्थ जांजगीर चांपा अन्तर्गत दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड पंजीयन के लिए दिव्यांगता शिविर के माध्यम से शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों का प्रमाणपत्र बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसमें पात्रतानुसार प्रमाणीकरण करते हुए प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसके साथ यूडीआईडी पंजीयन किया गया।

कलेक्टर ने शिविर में लगाए गए पंजीयन काउंटर की व्यवस्था, नेत्र रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों से चर्चा करते हुए की जा रही जांच की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिव्यांग प्रमाण पत्र से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे। सभी की जांच करते हुए पात्रता अनुसार प्रमाण पत्र बनाकर दिए जाने के निर्देश दिए। शिविर में अस्थिबाधित, दृष्टिबाधित, बहुविकलांग, मानसिक विकलांग, मूकबधिर सहित अन्य दिव्यांग व्यक्तियों का चिन्हांकन, मूल्यांकन तथा परीक्षण किया गया। इस दौरान एसडीएम चांपा श्री नीरनिधि नंदेहा सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### नगर पंचायत परिसर में मनाएंगे गांधी जयंती

**पाटन ( समय दर्शन )।** नगर पंचायत पाटन में गांधी जयंती मनाया जायेगा। सुबह 9 बजे परिसर में स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप सहित कांग्रेस ने कार्यकर्ता सहित पार्षद गण मौजूद रहेंगे।

# गोलछा परिवार की अनूठी पहल, एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ, दनिया में होगा लोकार्पण




**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** गोलछा परिवार द्वारा अपने दिवंगत पूज्य परिजन स्वर्गीय घेवरचंद गोलछा और स्वर्गीय श्रीमती पानी देवी गोलछा की स्मृति में समाजसेवा की भावना से प्रेरित होकर आगामी 4 अक्टूबर को एक अत्याधुनिक एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ किया जाएगा। यह सेवा, समाज के जरूरतमंद और दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

इस पावन अवसर परए रायपुर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. रवि जैन और उनकी अनुभवी मेडिकल टीम तथा भगवान महावीर जैन रिलीफ ट्रस्ट एवं अरबिंदो नेत्रालय रायपुर के द्वारा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक दंत एवं नेत्र परीक्षण की नि:शुल्क सेवाएं प्रदान की जाएंगी। यह सेवाएं सभी के लिए उपलब्ध होंगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। दोपहर 2 बजे एक भव्य समारोह में एम्बुलेंस सेवा का विधिवत लोकार्पण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में खैरागढ, राजनांदगांव और बेमेतरा जिलों के प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधियों और स्थानीय गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

आपातकालीन चिकित्सा सहायता : एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से क्षेत्रीय लोगों को त्वरित और सुलभ चिकित्सा सहायता उपलब्ध होगी, जिससे आपातकालीन स्थितियों में जीवन बचाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर पहुंच दूर-दराज के गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ेगी, जिससे ग्रामीण इलाकों के लोग समय पर उचित चिकित्सा उपचार प्राप्त कर सकेंगे। नि:शुल्क नेत्र एवं दंत परीक्षण यह पहल न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाएगी, बल्कि आम लोगों को अपनी सेहत का ख्याल रखने के लिए प्रोत्साहित भी करेगी।

यह एम्बुलेंस सेवा खैरागढ़ जिला के गंडई, छुईखदान, साल्हेवारा तहसील और बेमेतरा जिला के परपौड़ी, साजा, धमधा क्षेत्रों के निवासियों को समर्पित होगी। यह पहल इन ग्रामीण इलाकों में चिकित्सा सुविधाओं की भारी कमी को दूर करने का एक सार्थक कदम साबित होगी।

गोलछा परिवार द्वारा किया गया यह प्रयास उनकी सेवा भावना और समाज के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एम्बुलेंस सेवा के माध्यम सेए परिवार ने समाज को न केवल चिकित्सा सहायता प्रदान करने का, बल्कि जीवनरक्षक सेवाओं को हर व्यक्ति तक पहुँचाने का दृढ़ संकल्प लिया है। इस कार्यक्रम में गोलछा परिवार की इस सराहनीय पहल की सराहना करने और समाजसेवा के इस महान कार्य में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए सभी को सादर आमंत्रित किया गया है। इस सेवा कार्य में सम्मिलित होकर हम भी इस नेक कार्य का हिस्सा बनें और समाज में सेवा और समर्पण की इस भावना को और सशक्त बनाएं।

सार समाचार

## जेसीबी वाहन बेचने के नाम पर 13 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर( समय दर्शन )। पचपेड़ीनाका दो युवकों ने जेसीबी वाहन बिक्री करने के नाम पर 13 लाख 45 हजार रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आदित्य जैन 40 वर्ष डोंगरगांव का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी नीलम राठौर व देवेश पाठक ने प्रार्थी को जेसीबी वाहन बिक्री करने के नाम पर 13 लाख 45 हजार रुपए लेकर वाहन नहीं दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## वाहन से नकदी पार

रायपुर( समय दर्शन )। थोक सब्जी मार्केट डुमरतराई में गाड़ी में रखे नकदी 2 लाख 20 हजार रुपए अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी टिकु सैनी 28 वर्ष बिरगांव उरला का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी गाड़ी से डुमरतराई के थोक सब्जी मार्केट गया था, जहां अज्ञात चोर ने प्रार्थी के गाड़ी में ड्राइवर सीट के नीचे रखे नकदी 2 लाख 20 हजार रुपए पार कर दिया।

## अवैध शराब के साथ पांच लोग गिरफ्तार

रायपुर( समय दर्शन )। माना एवं तेलीबांधा पुलिस के टीम ने रेस्टोरेंट व कैफे में दबिश देकर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 30 बॉटल अंग्रेजी शराब व बिक्री रकम 700 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार माना पुलिस ने ग्राम धरमपुरा स्थित ध्रुम विलेज रेस्टोरेंट में दबिश देकर आरोपी ध्रुम सिंह 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 बॉटल अंग्रेजी शराब, 7 बॉटल बियर एवं बिक्री रकम 700 रुपए जब्त किया है। इसी तरह पुलिस के टीम ने द बर्न रेस्टोरेंट में दबिश देकर सुरज जटवार 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 3 बॉटल अंग्रेजी शराब व 5 बॉटल बियर जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने नहरपारा एरिया 36 रेस्टोरेंट में पुलिस के टीम दबिश देकर आरोपी कामता कश्यप एवं संस्कार मित्तल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 3 बॉटल अंग्रेजी एवं 6 बॉटल बियर जब्त किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने डाललिविंग पास खाली जगह में दबिश देकर आरोपी राहुल धुप्पड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 5 बॉटल अंग्रेली शराब जब्त किया है।

रोहिणीपुरम सरोवर एवं आसपास की सफाई की गई

# स्वच्छता ही सेवा अभियान में खिलाड़ियों के साथ खेल मंत्री टंक राम वर्मा ने की साफ सफाई




रायपुर( समय दर्शन )। संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण के द्वारा आज रोहिणीपुरम सरोवर एवं आसपास की सफाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने स्वच्छता ही सेवा का शपथ दिलाया। शपथ लेने के पश्चात् मंत्री सहित, खिलाड़ियों, वालेण्टियर्स, अधिकारियों-कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने रोहिणीपुरम सरोवर एवं आसपास की साफ-सफाई की और सप्ताह में 2 घण्टे अनिवार्य रूप से अपने घर, कार्यालय एवं वातावरण की साफ-सफाई करने का संदेश दिया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संचालक तनुजा सलाम, रोहिणीपुरम पार्षद प्रतिनिधि आशु चंद्रवंशी, नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी अर्पित तिवारी, नगर निगम जोन कमिश्नर विमल शर्मा, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिकों ने सफाई अभियान में हिस्सा लिया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय हॉकी अकादमी, आवासीय तीरंदाजी अकादमी, गैर आवासीय बालिका फुटबॉल अकादमी, गैर आवासीय एथलेटिक अकादमी, गैर आवासीय हॉकी एवं तीरंदाजी अकादमी रायपुर तथा नियमित प्रशिक्षण के खिलाड़ियों ने स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। नेहरू युवा केन्द्र संगठन के वालेण्टियर्स ने भी सफाई अभियान में अपनी अहम् भूमिका निभाई। संचालक खेल एवं युवा कल्याण ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वच्छता के प्रति सभी को जागरूक होने का संदेश दिया। स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि आशु चंद्रवंशी ने भी खिलाड़ियों को सम्बोधित कर उनका उत्साहवर्द्धन किया।

# कलेक्टर ने ली जिला सहकारी विकास समिति की बैठक




### पैक्स सहकारी समितियां करेगी मिनी राइस मिल का संचालन

रायपुर( समय दर्शन )। अब पैक्स सहकारी समितियां जिले में संचालित मिनी राइस मिल का संचालन करेगी। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में समिति के समन्वयक एन. आर. के. चंद्रवंशी उपायुक्त सहकारिता ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया। जिसमें सहकार से समृद्धि संकल्पना संबंधी कार्य को देखते हुए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में मिनी राइस मिल स्थापित करने के लिए पिपरौद एवं रींवा समिति का चयन किया गया। इसी क्रम में विश्व की सबसे बड़ी विकेंद्रीकृत अन्न भंडारण योजना के तहत 1000 मी. टन गोदाम निर्माण के लिए तिल्दा, धरसींवा एवं अभनपुर समिति का चयन किया गया। अब पैक्स समितियां ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल योजना के तहत जल आपूर्ति का संचालन एवं संधारण कार्य करेगी। इसके लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित, सारागांव के कार्यक्षेत्र में आने वाले ग्राम पंचायत निलजा का चयन किया गया। जिले के 5 पैक्स सारागांव, तिल्दा, भानसोज, चपरीद, एवं तोरला समितियों को पूर्व में ही जन औषधि केंद्र संचालित करने के लिए भारत सरकार के पीएमबीआई से प्रारंभिक अनुमोदन लिया गया है। इसके संचालन के लिए जम्मू कश्मीर मॉडल अपनाते हुए स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप कार्यवाही करने का निर्णय लिया है।

# दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना से बदली अन्नू की तकदीर



रायपुर( समय दर्शन )। अन्नू साहू के पति बीमार थे और काम नहीं कर पा रहे थे, वहीं अन्नू की घरेलू कामगार के रूप में होने वाली आय उनके परिवार का भरण-पोषण करने के लिए पर्याप्त नहीं थी। जब उनके घर में निराशा का माहौल छाया हुआ था, तब अन्नू ने यह तय किया कि उन्हें किसी अन्य पेशे की ओर रुख करना होगा। अन्नू छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव की गलियों में अपनी ई-रिक्शा चलाती हैं, लोग उन्हें ध्यान से देखते हैं। हल्की ठंडी हवा और सड़कों के शोर के बीच अन्नू आत्मविश्वास से आगे बढ़ती हैं और पीछे मुड़कर नहीं देखतीं। अन्नू ने बारहवीं कक्षा तक की पढ़ाई पूरी करने के बाद घरेलू कामगार के रूप में काम करना शुरू कर दिया था। लेकिन इस काम में पर्याप्त आय नहीं मिल पा रही थी। राजनांदगांव की बस्तियों में, जहां अन्नू रहती थीं, साथी मजदूर अक्सर अपने अनुभव साझा करते थे। अन्नू ध्यान से सुनतीं, अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार के तरीके जानने के लिए हमेशा तत्पर रहती थीं। अन्नू के जीवन में एक बड़ा मोड़ तब आया जब उन्होंने श्रम विभाग की दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के बारे में सुना। यह योजना महिलाओं को ई-रिक्शा खरीदने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके उन्हें आर्थिक स्वावलंबन का अवसर देती है। अन्नू ने इस अवसर को दोनों हाथों से थाम लिया। ज़िला श्रम अधिकारी की मदद से अन्नू ने जल्दी से आवेदन प्रक्रिया पूरी की, आवश्यक दस्तावेज़ जमा किए और अपना आवेदन प्रस्तुत किया। जब उनका आवेदन स्वीकृत हुआ, तो अन्नू ने पहली बार सफलता और आर्थिक स्वतंत्रता का स्वाद चखा। ई-रिक्शा ड्राइवर के रूप में काम करके अन्नू ने अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए एक साहसिक कदम उठाया। जल्द ही उनकी आय नियमित हो गई, और अब वह हर महीने 20 से 25 हजार रुपये कमा रही है। जो उनकी पिछली आय से लगभग चार गुना थी। उन्होंने अपने बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनकर एक मिसाल कायम की। इससे परिवार की आर्थिक स्थिति में जबरदस्त सुधार हुआ और औसत पारिवारिक आय 40 से 45 हजार रुपये प्रति माह तक पहुंच गई। अन्नू की यात्रा सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के महत्व को उजागर करती है। जब इन्हें लचीले और उत्तरदायी तरीके से डिज़ाइन किया जाता है, तो ये योजनाएँ हाशिए पर रहने वाले समुदायों के सामने आने वाले विविध जोखिमों का समाधान कर सकती हैं, स्थायी आजीविका में मदद कर सकती हैं।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रायपुर रेलवे स्टेशन परिसर में पौधारोपण

### यात्रियों को दिया स्वच्छता का संदेश




रायपुर( समय दर्शन )। भारतीय रेलवे द्वारा %स्वच्छता ही सेवा% 2024 अभियान को 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक %स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता% थीम के तहत मनाया जा रहा है। इसी क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें रेलवे स्टेशनों, रेलवे परिसरों, पटरियों और गाड़ियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत, सोमवार को क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (ंऋष्टष्ट) के सदस्यों ने रायपुर रेलवे स्टेशन के गुढ़ियारी साइड में पौधारोपण किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराना और सार्वजनिक स्थलों पर सफाई व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देना था। पौधारोपण कार्यक्रम में ंऋष्टष्ट के सदस्य, लोकेश साहू और वेगेंद्र कुमार सोनबर (चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, रायपुर) ने सक्रिय भागीदारी की और स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर रायपुर स्टेशन के मुख्य स्टेशन प्रबंधक और वाणिज्य निरीक्षक भी उपस्थित थे।

## विधायक ने आमजनों को दिलवाई स्वच्छ पर्यावरण की शपथ

रायपुर( समय दर्शन )। केन्द्र सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग एवं रायपुर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के क्षेत्र में सभी जोनों के वार्डों में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है. स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत महात्मा गाँधी जयन्ती दिनांक 2 अक्टूबर 2024 राष्ट्रीय स्वच्छ भारत दिवस तक स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर विविध सकारात्मक गतिविधियां की जाएंगी. आज स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 5 के पण्डित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड नम्बर 41 के क्षेत्र के अंतर्गत महावीर पार्क अनुपम गार्डन में पहुंचकर रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने नगर पालिक निगम के आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा, नगर निगम के पूर्व पार्षद गोपी साहू, सामाजिक कार्यकर्त्ता अशोक पाण्डेय, श्याम सुन्दर अग्रवाल, बजरंग खंडेलवाल, डॉक्टर शैलेश खंडेलवाल, निगम अपर आयुक्त यू. एस. अग्रवाल, विनोद पाण्डेय, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सी. ओ. ओ. उज्जवल पोरवाल, रायपुर एसडीएम नन्द कुमार चौबे, निगम मुख्य अभियंता यू. के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े, राजेश राठौर, जोन 5 जोन कमिश्नर विमल शर्मा, कार्यपालन अभियंता सर्वअंशुल शर्मा, शरद ध्रुव, लाल महेंद्र प्रताप सिंह, सुशील मोडेस्टस, रायपुर स्मार्ट लिमिटेड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में सम्बंधित क्षेत्र के रहवासियों, आमजनों को स्वच्छ पर्यावरण हेतु सामूहिक शपथ दिलवाई।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने झारखंड के देवघर में योतिर्लिंग श्री बाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा-अर्चना की.



## सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करने भारतीय सेना के जवानों की दूसरी टोली पहुंची रायपुर

रायपुर( समय दर्शन )। रायपुर में सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए भारतीय सेना के 40 जवानों की दूसरी टोली सोमवार को रायपुर पहुंच गई है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने जवानों का रेलवे स्टेशन में गुलाब देकर माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान जवानों ने देश भक्ति गीत गाकर आभार जताया। रायपुर में अपनी सेना को जानें के तहत भारतीय सेना अपनी शक्ति का प्रदर्शन साइंस कॉलेज मैदान में करेगी। इसके लिए आज सारनाथ एक्सप्रेस से जबलपुर एसटीसी के 40 जवानों की टोली रायपुर पहुंची। रेलवे स्टेशन में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। इस दौरान जवानों ने देशभक्ति गीत संदेशे आते है गाकर आभार जताया। भारतीय सेना के जवान नायक विशाल माने एवं नायक राजेंद्र सिंह ने चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ पहुंचने पर बड़ा गर्व महसूस हो रहा है। यहां पहुंचकर काफी अच्छा लगा और बहुत अच्छे से स्वागत भी किया गया। इसके लिए कलेक्टर एवं जिला प्रशासन की टीम का आभार व्यक्त करते है। इस स्वागत समारोह में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, आरटीओ आशीष देंवागन समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री की सार्थक पहल से छात्राओं की आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम



रायपुर( समय दर्शन )। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सार्थक पहल से जशपुर जिला प्रशासन के तहत नव गुरुकुल शिक्षण संस्थान में आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य न केवल शिक्षा का स्तर बढ़ाना है, बल्कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें व्यावसायिक कौशल से जोड़ना है, ताकि वे अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकें। यह कार्यक्रम प्रदेश में जशपुर के साथ-साथ रायपुर और दंतेवाड़ा जिला में भी संचालित हैं। जिला प्रशासन द्वारा छात्रों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। यहां छात्राओं को कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, फायनेंस, बिजनेस, शिक्षा, और ग्राफिक्स डिज़ाइनिंग जैसे विविध क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा, भाषा ज्ञान और व्यक्तित्व विकास पर अतिरिक्त कक्षाएँ भी आयोजित की जाती हैं, जिससे छात्राओं का समग्र विकास हो सके। छात्राओं को नि:शुल्क आवास, प्रशिक्षण, और भोजन की सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं। प्रशिक्षण के दौरान लैपटॉप/कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती है, जिससे उन्हें अध्ययन और प्रोजेक्ट्स पर काम करने में मदद मिलती है। वर्तमान में, इस कार्यक्रम के तहत जिले की 16 प्रतिभाशाली छात्राएँ विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर अन्य राज्यों की प्रमुख कंपनियों में सफलतापूर्वक प्लेसमेंट के लिए चयनित हुई हैं। ये छात्राएँ अब अच्छी आय अर्जित कर रही हैं, जो उनके प्रयासों का जीवंत प्रमाण है। यहाँ पर 150 छात्राओं के लिए प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है, जिसमें वर्तमान में 60 से अधिक छात्राएं अध्ययनरत हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का यह दृष्टिकोण केवल छात्राओं के जीवन में बदलाव लाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में भी एक सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में प्रेरणा देता है। उनकी सोच ने ना केवल छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि उन्हें अपने सपनों को साकार करने का अवसर भी प्रदान किया है। जशपुर नगर की निवासी कुमारी प्रतिभा थापा बताती हैं कि 'मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, जिससे मुझे पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी। जब मैंने नव गुरुकुल के बारे में सुना, तो मैंने यहाँ फॉर्म भरा और प्रशिक्षण लेने आई। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि इतने महंगे कोर्स की पढ़ाई मुझे नि:शुल्क मिलेगी। मैंने बिजनेस कोर्स में 16 महीने का प्रशिक्षण लिया और आज एक निजी कंपनी में क्लाउड सपोर्ट इंजीनियर के पद पर कार्यरत हूँ। जशपुर नगर की ही कुमारी नेहा चौहान ने बताया कि मेरे पिता एक छोटे किसान हैं। हमारी आमदनी उतनी अच्छी नहीं है कि मैं बाहर जाकर पढ़ाई कर सकूं। लेकिन इस संस्थान से मुझे बहुत लाभ हुआ है। यहाँ मुझे बिजनेस कोर्स में 13 महीने प्रशिक्षण के साथ-साथ भाषा ज्ञान भी मिला, जो मेरे लिए बहुत उपयोगी है। डुगडुगीया (कुनकुरी) निवासी कुमारी साक्षी सिंह बताती हैं कि जब मुझे यहाँ के बारे में पता चला तो फॉर्म भरकर प्रशिक्षण ली। मैंने यहाँ 15 महीने का प्रशिक्षण लिया।

## देहव्यापार कराने के आरोप में दो महिला गिरफ्तार

रायपुर( समय दर्शन )। तेलीबांधा थाना पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करवाने के मामले में दो महिलाओं को हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोनों महिलाओं पर नाबालिग बच्ची से देह व्यापार करवाने का आरोप है। बताया जा रहा है कि, बच्ची मानसिक रूप से कमजोर है और महिलाएं नाबालिग को अलग-अलग जगह ले जाकर उससे देह व्यापार करवाती थी। इस पूरे मामले का खुलासा भाजपा महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के सदस्यों की जागरूकता से हुआ है। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपरहण, नाबालिग को देह व्यापार के लिए सप्लाई करने समेत पॉक्सो एक्ट के तहत शिकायत दर्ज की है। फ़िलहाल पुलिस आरोपी महिलाओं से पूछताछ कर रही है।

## संपादकीय


# हवाई अड्डों पर चेक इन

डिजीयात्रा ऐप का इस्तेमाल बढ़ रहा है और साथ ही फेशियल रिकग्निशन और अन्य डाटा के दुरुपयोग की चिंता भी बढ़ती जा रही है। देश के करीब दो दर्जन हवाईअड्डों पर डिजीयात्रा ऐप का इस्तेमाल शुरू हो गया है। इसकी मदद से यात्री बिना कोई दस्तावेज दिखाए आसानी से हवाईअड्डों पर चेक इन करते हैं। अब तक 55 लाख लोगों ने यह ऐप डाउनलोड किया और तीन करोड़ लोगों ने यात्रा के लिए इसका इस्तेमाल किया है। इसके इस्तेमाल को लेकर पहले भी यात्रियों की निजता से जुड़ी चिंता जताई गई थी लेकिन अब पता चला है कि सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने खुद ही इस पर सवाल उठाए हैं। सूचना के अधिकार कानून के तहत मांगी गई जानकारी के आधार पर एक खबर आई है, जिसमें कहा गया है कि सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा है कि निजी कंपनियों द्वारा फेशियल रिकग्निशन तकनीक का दुरुपयोग हो सकता है और इससे लोगों को सुरक्षा देने के लिए अतिरिक्त उपाय करने की जरुरत है। हालांकि नागरिक विमानन मंत्रालय का कहना है कि डिजीयात्रा ऐप को यात्रियों के चेक इन के लिए डी फैक्टो गेटवे बना दिया जाए। यानी एक मंत्रालय इसके इस्तेमाल से सुरक्षा को खतरा बता रहा है तो दूसरा मंत्रालय इसे हर हवाईअड्डे पर हर यात्री के लिए अनिवार्य करने की बात कर रहा है। सवाल है कि जब इस ऐप को वैकल्पिक बनाया गया है और इसे लॉन्च करते समय कहा गया कि यह यात्रियों की मर्जी पर है कि वे इसे चुनते हैं या नहीं तो फिर ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को इसके इस्तेमाल के लिए क्यों बाध्य किया जा रहा है? इसे अनिवार्य बनाने से पहले सरकार को इस बारे में पूरी जानकारी नागरिकों को देनी चाहिए। यह बताना चाहिए कि डिजीयात्रा ऐप एक निजी कंपनी डिजीयात्रा फाउंडेशन का है, जिसमें छह हिस्सेदार हैं। पांच हिस्सेदार दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरू और कोच्चि हवाईअड्डे हैं, जो निजी हाथों में हैं। इन पाचों के पास 73 फीसदी हिस्सेदारी है, जो बराबर बराबर बंटी है। भारत सरकार के एयरपोर्ट ऑथोरिटी के पास 27 फीसदी हिस्सेदारी है। इस तरह से यह लगभग पूरी तरह से निजी उद्यम है, जिसके हाथ में लाखों, करोड़ों नागरिकों का बायोमैट्रिक डाटा जा रहा है। इसका इस्तेमाल करने वाले ज्यादातर यात्रियों को पता नहीं होता है कि उनका फेशियल रिकग्निशन हो रहा है। दूसरे, इसमें कहा गया है कि यात्रियों का डाटा स्टोर नहीं किया जाता है। लेकिन साथ ही प्राइवेसी की शर्तों में यह भी कहा गया है कि जरुरत पड़ने पर यात्रियों का डाटा सरकारी एजेंसियों के साथ साझा किया जा सकता है। सोचें, अगर डाटा स्टोर नहीं किया जाता है तो फिर साझा करने की बात कैसे कही जा रही है? ध्यान रहे दुनिया के किसी भी देश में हवाईअड्डे जैसी संवेदनशील जगह पर यात्रियों का बायोमैट्रिक डाटा इकट्ठा करने का अधिकार किसी निजी कंपनी को नहीं दिया गया है। तभी सरकार को जल्दी से जल्दी इससे जुड़ी सुरक्षा चिंताओं को दूर करना चाहिए और तब तक इसके इस्तेमाल को अनिवार्य करने के बारे में सोचना भी नहीं चाहिए।

# रहती दुनिया तक प्रासंगिक रहेगा 'गाँधी दर्शन '

**तनवीर जाफरी**

भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जन्मतिथि 2 अक्टूबर को उन्हें याद किया जाता है। पूरा विश्व गांधीवाद व गांधी दर्शन का इसीलिये क़ायल है कि उन्होंने दुनिया को सत्य व अहिंसा के साथ साथ सर्वधर्म समभाव के मार्ग पर चलते हुये विश्व की बड़ी से बड़ी शक्ति से संघर्ष करने की प्रेरणा दी थी । मार्टिन लूथर किंग से लेकर नेल्सन मंडेला और बराक ओबामा तक न जाने कितने नेता हैं जो गांधी जी को अपना आदर्श मानते रहे हैं। दुनिया के किसी भी देश में आज जब युद्ध विरोधी, शान्ति व अहिंसा की बातें होती हैं तो बड़े से बड़े नेता गांधी दर्शन को ही याद करते हैं। यही वजह है कि विश्व के 70 से भी अधिक देशों में शांति के इस महान पुजारी की एक या अनेक प्रतिमाएं स्थापित कर उन्हें सम्मान भी दिया गया है। उन देशों के लोग गांधी से प्रेरणा लेते हैं। यहाँ तक कि विश्व में जब कहीं कोई शांति मार्च निकलता है तो लोग गांधी की तस्वीरों व उनके सद्भावपूर्ण संदेशों से युक्त बैनर जुलूस के आगे लेकर चलते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह भारत का सौभाग्य है कि इतने महान विचारों वाला व्यक्ति हमारे देश में पैदा हुआ। सारी दुनिया भारत को गांधी के देश के रूप में ही जानती है।



आज जबकि विश्व का बड़ा हिस्सा युद्ध,हिंसा, परस्पर मतभेद, बेरोज़गारी, महंगाई,साम्प्रदायिकता जैसे तनावपूर्ण वातावरण के दौर से गुज़र रहा है। पूरा विश्व बाहरी व भीतरी तौर पर राजनैतिक वर्चस्व की लड़ाई लड़ रहा है, ऐसे में ख़ास तौर पर गांधी जयंती के अवसर पर हर बार चिंतकों द्वारा यह सवाल उठाया जाता है कि गांधी के सत्य व अहिंसा के सिद्धांत पर आधारित उनके दर्शन और विचारों की आज कितनी प्रासंगिकता महसूस की जा रही है ? सितम्बर, 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया था। उस समय प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि -'यह अवसर इसलिये भी महत्वपूर्ण है कि इस वर्ष हम महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मना रहे हैं।' उस समय प्रधानमंत्री मोदी ने जहाँ और कई मुद्दे उठाये थे वहीं उन्होंने भारत का शांति-अहिंसा का संदेश प्रमुख रूप से विश्व को दिया था। संयुक्त राष्ट्र महासभा जैसे वैश्विक मंच से शांति का संदेश देते हुए उन्होंने कहा था कि -' हमने दुनिया को शांति का पैग़ाम दिया। संयुक ?त राष ?ट्र के शांति अभियानों में सबसे बड़ा बलिदान अगर किसी देश ने दिया है, तो वह देश भारत है। हम उस देश के वासी हैं जिसने दुनिया को युद्ध नहीं बुद्ध दिये हैं, शांति का संदेश दिया है'। गोया बुध और गांधी के शांति के संदेश ही ऐसे हैं जिनपर प्रत्येक भारतवासी गर्व करता है।

परन्तु इस दुर्भाग्यपूर्ण सत्य से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि भले ही पूरा विश्व इस 'महात्मा' के समक्ष नतमस्तक होता हो ,उन्हें अपना आदर्श व प्रेरणास्त्रोत मानता हो परन्तु गांधी व गांधीवाद का विरोध करने वालों में और किसी देश के लोग नहीं बल्कि अधिकांशतया: केवल भारतवासी ही शामिल हैं। संकीर्ण मानसिकता रखने वालों,साम्प्रदायिकता वादियों ने गांधी को व उनके के विचारों की प्रासंगिकता को तब भी महसूस नहीं किया था जबकि वे जीवित थे। गांधी से असहमति के इसी उन्माद ने उनकी हत्या तो कर दी परन्तु आज गांधी के विचारों से मतभेद रखने वाली उन्हीं शक्तियों को भली-भांति यह महसूस होने लगा है कि गांधी अपने संकीर्ण व साम्प्रदायिकतावादी विरोधियों के लिए दरअसल जीते जी उतने हानिकारक नहीं थे जितना कि अपनी हत्या के बाद साबित हो रहे हैं। और इसकी वजह केवल यही है कि जैसे-जैसे विश्व हिंसा, आर्थिक मंदी, भूख, बेरोंज़गारी और नफ़रत जैसी नकारात्मक परिस्थितियों का सामना करता जा रहा है व इनमें उलझता जा रहा है, वैसे-वैसे दुनिया को न केवल गांधी के दर्शन याद आ रहे हैं बल्कि विश्व को गांधी दर्शन को आत्मसात करने की आवश्यकता भी बड़ी शिद्दत से महसूस होने लगी है।

दूसरी तरफ़ पिछले एक दशक से गाँधी के देश भारत में ही उन्हें अपमानित करने यहाँ तक कि सार्वजनिक रूप से खुलकर गालियां देने वालों की संख्या भी दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है । भारतीय संसद में ऐसे लोगों का प्रवेश हो चुका है जो गाँधी को अपमानित करते हैं और उनके हत्यारे नाथू राम गोडसे व उसके वैचारिक सहयोगियों का महिमामंडन करते हैं। ऐसा इसीलिये है कि वर्तमान सत्ता उन्हें प्रश्रय देती है। ये लोग प्राय: सत्तारूढ़ दल के ही सदस्य या समर्थक हैं। आजतक गाँधी को अपमानित करने व गोडसे का महिमामंडन करने यहां तक कि उसे राष्ट्रवादी बताने वालों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गयी। और तो और भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष और देश के वर्तमान गृह मंत्री अमितशाह ने भी जून 2017 में रायपुर(छत्तीसगढ़ ) के मेडिकल कॉलेज में आयोजित बुद्धिजीवियों की एक सभा में जब गाँधी जी को याद किया तो उनके शब्द यह थे ङ्क 卐महात्मा गांधी बहुत चतुर बनिया था, 'उसको' मालूम था कि आगे क्या होने वाला है। उसने आज़ादी के बाद तुरंत कहा था, कांग्रेस को बिखेर देना चाहिए।卐 इस तरह की शब्दावली का प्रयोग करने वाले नेता की पार्टी के ही एक सांसद ने पिछले दिनों लोकसभा में जब एक मुस्लिम सांसद को घोर आपत्तिजनक बातें कहीं और उस पर साम्प्रदायिक व आपराधिक टिप्पणियां कीं तो उसी कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी उस पीड़ित सांसद के आंसू पोछने उनके निवास पर गये। यह कांग्रेस व गांधीवादी सोच ही थी जिसने राहुल गांधी को भेजकर सांत्वना देने को विवश किया। और वह गोडसेवादी विचार थे जो उस सांसद के मुंह से निकलते दुनिया को सुनाई दिये।

बहरहाल,पिछले दिनों महात्मा गांधी की वैश्विक स्वीकार्यता एक बार फिर पूरे विश्व ने देखी और महसूस की जबकि जी 20 देशों के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए दिल्ली आए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक,ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़,कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो,संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा, विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम, एशियाई विकास बैंक के अध्यक्ष मासात्सुगु असाकावा, आईएमएफ़ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा सहित लगभग सभी राष्ट्राध्यक्ष महात्मा गाँधी को श्रद्धांजलि देने के लिए उनकी समाधि स्थल राजघाट पहुंचे। इन सभी राष्ट्राध्यक्षों,सरकार के प्रमुखों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों ने वहां एक मिनट का मौन रखा और राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि व पुष्पांजलि अर्पित की। महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के बाद जी 20 नेताओं ने 'लीडर्स लाउंज' में 'शांति दीवार' पर हस्ताक्षर भी किए। जी 20 के अगले मेज़बान ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो ने इस अवसर पर कहा कि ङ्क 'जब हम महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए गए उस समय मैं बहुत भावुक हो उठा था। मेरे राजनीतिक जीवन में महात्मा गांधी का बहुत महत्व है क्योंकि अहिंसा का मैंने कई दशकों तक अनुसरण किया है, जब मैं श्रमिक आंदोलन के लिए लड़ा था। यही कारण है कि जब मैंने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की तो मैं भावुक हो उठा।' ऐसे तमाम उदाहरण हैं जिनसे यह प्रमाणित होता है कि सत्य-अहिंसा व सर्वधर्म समभाव को अपने आप में समाहित करने वाला गांधी दर्शन कल भी प्रासंगिक था और रहती दुनिया तक प्रासंगिक रहेगा।

# प्रजातंत्र के अन्य तीन स्तंभ निष्क्रीय और खोखले

**ओमप्रकाश मेहता**

भारत की आजादी की हीरक जयंति' मनाने के बाद आज के हालातों को देखकर यह सहज ही महसूस होता है कि प्रजातंत्र की परिभाषा के चार अंगों से तीन अंग करीब-करीब निष्क्रीय हो चुके है और अब केवल और केवल न्यायपालकि ही प्रजातंत्र का मुख्य आधार स्तंभ बन गया है, जिस पर देश की जनता को आज भी पूरा भरोसा है, शेष तीन स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका और खबर पालिका अपने मूल अस्तित्व खो चुके है और समय के साथ आज की गैर प्रजातंत्री बाढ़ के साथ बहने लगे है। सिर्फ न्यायपालिका ही है जो प्रजातंत्र की हर जरूरत पूर कर रही है और उसकी मर्यादा रख रही है। मेरी इस धारणा का ताजा उदाहरण पिछले दिनों उस समय सामने आया जब प्रधानमंत्री जी सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के निवास पर गणेशोत्सव के कार्यक्रम में शामिल हुए और महाराष्ट्र के प्रमुख राजनीतिक दल शिवसेना (उद्धव) ने इस परिदृष्य पर अनाप-शनाप टिप्पणियां की और उनके प्रवक्ता ने तो यहां तक कह दिया कि- मोदी सरकार के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में उनके द्वारा दायर मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश न करें तथा उसे किसी दूसरे न्यायाधीश को सौंप दे'', क्योंकि इस परिदृष्य को देखकर उन्हें उचित न्याय की उम्मीद नही रह गई है, किंतु सर्वोच्च न्यायालय ने दूसरे दिन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानती मामले में मोदी सरकार पर जो पूर्वाग्रह पूर्वक काम करने की टिप्पणियां की, उसने यह सिद्ध कर दिया कि व्यक्तिगत सम्बंध न्याय की गरिमा में बाधक नही बन सकते और भारतीय प्रजातंत्र में आज न्यायपालिका ही सर्वोपरी है, जो अपने धर्म व कर्तव्य का निर्वहन बड़ी ईमानदारी व निष्ठा के साथ कर रही है और न्यायपालिका ने ही प्रजातंत्र को देश में अब तक जीवित रखा हुआ है। अरविंद केजरीवाल की जमानत वाले प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय ने टिप्पणियां की वे भारतीय न्याय व्यवस्था को शिखर पर बैढ़ाने वाली है, इन टिप्पणियों में भारत की मुख्य सरकारी जांच एजेंसी सीबीआई (केन्द्रीय जांच संगठन) की कार्यप्रणाली को लेकर तीखी टिप्पणियां की गई है और सर्वोच्च न्यायालय की ये टिप्पणियां स्पष्ट करती है कि- सीबीआई निष्पक्ष नही है तथा वह पूर्णत: सरकार की मंशा के अनुरूप सरकार में विराजित राजनेताओं के राजनीतिक मकसदों की पूर्ति करती है, इस फैसले में उक्त सरकारी जांच एजेंसी सीबीआई पर अनेक सवाल खड़े किए गए है, खास करके एक न्यायाधीश की यह टिप्पणी कि- सीबीआई को अपने को, पिंजरें के तोते वाली छवि से मुक्त करना चाहिए।'' यह एक तथाकथित निष्पक्ष एजेंसी के लिए सबसे बड़ा आघात है। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय का यह सवाल भी काफी महत्व रखता है कि- केजरीवाल को तब गिरफ्तार क्यों किया गया जब उन्हें ईडी के मामले में जमानत मिल गई थी ?''

# फैक्ट चेक यूनिट मौलिक अधिकारों का हनन

आज के दौर में न्यायपालिका की ओर से ऐसा दो टूक और साहसी हस्तक्षेप कभी-कभार ही होता है। इसके बीच फैक्ट चेक यूनिट खारिज करने के बॉम्बे हाई कोर्ट के ताजा फैसले को एक चमकती हुई मिसाल के रूप में देखा जाएगा।


सरकार की एजेंसी खबरों के फैक्ट चेक करे, यह सोच ही अतार्किक है। स्वाभाविक है कि ऐसी एजेंसी बनाने की सरकार की पहल को लेकर समाज में आरंभ से ही व्यग्रता देखी गई। यह आम समझ थी कि इस पहल के पीछे मंशा ऐसे तथ्यों को मीडिया से बाहर करना है, जो सरकार को असहज करने वाले हो सकते हैं। वर्तमान सरकार के दौर में फेक न्यूज और फैक्ट चेक विवादास्पद मुद्दे रहे हैं। ऐसे विवादों के क्रम में सरकार के अपने नजरिए को अक्सर एकतरफा माना गया है। इसीलिए फैक्ट चेकर यूनिट बनाने की उसकी पहल को दुर्भावनापूर्ण भी समझा गया था। अब इन सभी आशंकाओं की बॉम्बे हाई कोर्ट ने पुष्टि कर दी है। उसने नए सूचना तकनीक कानून में संबंधित संशोधन को खारिज कर दिया है। सरकार के खिलाफ कथित फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं को रोकने के लिए बनाई गई तथ्य-जांच इकाइयों को अदालत ने असंवैधानिक घोषित कर दिया है। अदालत ने यह उचित टिप्पणी की कि फैक्ट चेक यूनिट नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन है।

आज के दौर में न्यायपालिका की ओर से ऐसा दो टूक और साहसी हस्तक्षेप कभी-कभार ही होता है। इसके बीच बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को एक चमकती हुई मिसाल के रूप में देखा जाएगा। फैक्ट चेक यूनिट बनाने की पहल को कॉमेडियन कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, न्यूज ब्रॉडकास्ट और डिजिटल एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन्स ने कोर्ट में चुनौती दी थी। पहले हाई कोर्ट की दो जजों वाली बेंच में जस्टिस गौतम पटेल और जस्टिस नीला के. गोखले ने अलग-अलग फैसला सुनाया। इसके बाद इस मामले को तीसरे यानी टाई ब्रेकर जज के पास भेजा गया था। तीसरे जज जस्टिस अतुल एस. चंदूरकर ने अपने निर्णय में सरकारी संशोधन को असंवैधानिक करार दिया। कहा कि यह संशोधन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 19 का उल्लंघन है। इस निर्णय से मीडियाकर्मियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी बड़ी राहत मिली है। फैक्ट चेक यूनिट सक्रिय हो जातीं, तो आशंका थी कि हर वैसी खबर कार्रवाई के दायरे में आ जाएगी, जिसमें सरकारी नैरेटिव हट कर अलग कहानी बताई गई हो।

# ताशकंद में हमने खोया लाल बहादुर

**डॉ. अर्पण जैन 'अविचल'**

भाग्य और कर्म के बीच के संघर्ष में कभी कर्म जीतता है तो कभी भाग्य, किन्तु कभी-कभी दोनों के इतर प्रारब्ध बलवान हो जाता है।आध्यात्म और दर्शन के अध्येता प्रारब्ध को सर्वोपरि मानकर नियति के फ़ैसले को अंतिम निर्णय कहते हैं और प्रारब्ध सबकुछ छीनकर भी कभी-कभी उससे कहीं अधिक लौटा देता है। इसी तरह उत्तरप्रदेश के छोटे से नगर मुग़लसराय में रहने वाले लिपिक मुंशी शारदा प्रसाद श्रीवास्तव के घर 2 अक्टूम्बर 1904 में एक बालक का जन्म हुआ। घर के लोग उस बालक को प्यार से नन्हे कहने लगे, जिसका मूल नाम लाल बहादुर श्रीवास्तव हुआ।



गाँव की गलियों में खेलने वाला नन्हे, जिसने महज़ 18 माह की आयु में ही पिता को हमेशा के लिए खो दिया। पिता के देहांत के बाद माँ रामदुलारी नन्हे को लेकर नाना हज़ारीलाल के घर मिर्ज़ापुर आ गई पर दुर्भाग्य से कुछ ही समय बाद नाना भी चल बसे। फिर मौसा रघुनाथ प्रसाद की सहायता से नन्हे का लालन-पालन हुआ, जैसे-तैसे नन्हे ने ननिहाल में रहते हुए प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की, फिर उसके बाद की शिक्षा हरिश्चन्द्र हाई स्कूल और काशी विद्यापीठ में हुई। लालबहादुर ने संस्कृत में काशी विद्यापीठ से शास्त्री की उपाधि प्राप्त की। और इस शास्त्री की उपाधि ने जातिगत पहचान श्रीवास्तव को गौण कर दिया, फिर लाल बहादुर शास्त्री के रूप में पहचान बनी। संघर्षों की टिक-टिक करती घड़ी ने बचपन तो छीन ही लिया पर हौंसलो ने अंगड़ाई लेना स्वीकार नहीं किया। उसी नियति ने उस अबोध बालक के रूप में भारत को दूसरा प्रधानमंत्री दिया। बात देश के दूसरे प्रधानमंत्री और भारतीय किसानों के आदर्श पुरूष की इतनी-सी है कि कर्म की घड़ी यदि निरंतर चलती रहे तो प्रारब्ध के भाल पर भाग्य विजय तिलक करता है।

1928 में शास्त्री जी का विवाह मिर्ज़ापुर निवासी गणेशप्रसाद की पुत्री ललिता से हुआ। ललिता और शास्त्रीजी की छः सन्तान हुईं, दो पुत्रियाँ-कुसुम व सुमन और चार पुत्र ङ्क हरिकृष्ण, अनिल, सुनील व अशोक। वैसे भी उत्तरप्रदेश की राजनैतिक मिट्टी केंद्रीय क़द तय करती है। उसी मिट्टी में लालबहादुर शास्त्री भी अपने भाग्य से कुश्ती लड़ते हुए जन सेवा के मैदान में थे। संस्कृत भाषा में स्नातक स्तर तक की शिक्षा समाप्त करने के पश्चात् वे भारत सेवक संघ से जुड़ गये और देशसेवा का व्रत लेते हुए यहीं से अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत की। शास्त्रीजी सच्चे गान्धीवादी थे, जिन्होंने अपना सारा जीवन सादगी से बिताया और उसे गरीबों की सेवा में लगाया। भारतीय स्वाधीनता संग्राम के सभी महत्त्वपूर्ण कार्यक्रमों व आन्दोलनों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही और उसके परिणामस्वरूप उन्हें कई बार जेलों में भी रहना पड़ा। स्वाधीनता संग्राम के जिन आन्दोलनों में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही, उनमें 1921 का असहयोग आंदोलन, 1930 का दांडी मार्च तथा 1942 का भारत छोड़ो आन्दोलन उल्लेखनीय हैं।

भारत छोड़ो आंदोलन में शास्त्री जी ने अभूतपूर्व योगदान दिया। 9 अगस्त 1942 के दिन शास्त्रीजी ने इलाहाबाद पहुँचकर अगस्त क्रान्ति की दावानल को पूरे देश में प्रचण्ड रूप दे दिया। पूरे ग्यारह दिन तक भूमिगत रहते हुए यह आन्दोलन चलाने के बाद 19 अगस्त 1942 को शास्त्रीजी गिरफ़्तार हो गये।

भारत की स्वतन्त्रता के पश्चात् शास्त्रीजी को उत्तर प्रदेश के संसदीय सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। गोविंद बल्लभ पंत के मंत्रिमण्डल में उन्हें पुलिस एवं परिवहन मन्त्रालय सौंपा गया। परिवहन मंत्री के कार्यकाल में उन्होंने प्रथम बार महिला संवाहकों (कण्डक्टर्स) की नियुक्ति की थी।

पुलिस मंत्री होने के बाद संवेदनशील शास्त्री जी ने एक अनूठे प्रयोग को किया, जो आज तक नज़ीर बन चुका है। भीड़ को नियन्त्रण में रखने के लिये लाठी की जगह पानी की बौछार का प्रयोग उन्होंने प्रारम्भ कराया। आज भी पुलिस पहले लाठीचार्ज की जगह पानी की बौछार चलाती है।

पण्डित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में 1951 में शास्त्री जी अखिल भारत कांग्रेस कमेटी के महासचिव नियुक्त किए गए। उन्होंने 1952, 1957 व 1962 के चुनावों में कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से जिताने के लिये बहुत परिश्रम किया।

जवाहरलाल नेहरू का उनके प्रधानमन्त्री के कार्यकाल के दौरान 27 मई, 1964 को देहावसान हो जाने के बाद साफ़-सुथरी छवि के कारण शास्त्रीजी को 1964 में देश का प्रधानमंत्री बनाया गया। उन्होंने 9 जून 1964 को भारत के प्रधानमंत्री का पद भार ग्रहण किया। उनके कार्यकाल में 1965 का भारत-पाक युद्ध शुरू हो गया। इससे तीन वर्ष पूर्व चीन का युद्ध भारत हार चुका था। शास्त्रीजी ने अप्रत्याशित रूप से हुए इस युद्ध में राष्ट्र को उत्तम नेतृत्व प्रदान किया और पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी। इसकी कल्पना पाकिस्तान ने कभी सपने में भी नहीं की थी।

सन् 1965 में भारत और पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के बीच शान्ति समझौते का दौर शुरू हुआ, जिसे ताशकंद समझौता नाम दिया गया, जो भारत और पाकिस्तान के बीच 11 जनवरी, 1966 को हुआ था। इस समझौते के अनुसार यह तय हुआ कि भारत और पाकिस्तान दोनों ही देश अपनी शक्ति का प्रयोग नहीं करेंगे और अपने झगड़ों को शान्तिपूर्ण ढंग से निबटाएँगे। यह समझौता भारत के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री तथा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री अयूब ख़ाँ की लम्बी वार्ता के उपरान्त 11 जनवरी, 1966 को ताशकंद, रूस में हुआ। 'ताशकंद सम्मेलन' सोवियत रूस के प्रधानमंत्री द्वारा आयोजित किया गया था। इस समझौते का प्रभाव बेहद समयानुकूल और सशक्त था। क्योंकि इस समझौते के क्रियान्वयन के फ़्लस्वरूप दोनों देशों की सेनाएँ उस सीमा रेखा पर वापस लौट गईं, जहाँ पर वे युद्ध के पूर्व में तैनात थीं। परन्तु इस घोषणा से भारत-पाकिस्तान के दीर्घकालीन सम्बन्धों पर बड़ा गहरा प्रभाव पड़ा। फिर भी ताशकंद घोषणा इस कारण से याद रखी जाएगी कि इस पर हस्ताक्षर करने के कुछ ही घंटों बाद रहस्यमयी ढंग से भारत के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की दु:खद मृत्यु हो गई।

ताशकंद में अमरीका ने वार्ता का नाटक रचा, क्योंकि कुछ माह पूर्व से भारत-पाकिस्तान युद्ध चल रहा था और पाकिस्तान चाहता था कि भारत युद्ध में जीता हिस्सा लौटा दे, किंतु शास्त्री जी नहीं चाहते थे कि जो भूभाग भारतीय सेना ने जीत लिया है वह लौटाए। कुछ इतिहासकारों की मानें तो शास्त्रीजी ताशकंद जाना भी नहीं चाहते थे, लेकिन देश के कुछ नेताओं ने देश के अंदर ऐसा माहौल पैदा किया कि शास्त्री जी को मजबूरन ताशकंद जाना पड़ा। जब हमारे देश के वो लाल ताशकंद गए तो उन्हें ताशकंद समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा गया, तब उन्होंने दो टूक शब्दों में कह दिया कि 卐भारत युद्ध में जीता हुआ हिस्सा वापस नहीं करेगा।卐 जिसके बाद दबाव भी शास्त्री जी पर डाला गया लेकिन उन्होंने कह दिया कि उनके जीवित रहते जीता हुआ हिस्सा किसी भी कीमत पर वापस नहीं होगा, देश को उनके इस फ़ैसले से बड़ा गर्व हुआ।

भारत के बहादुर 'लाल' पर देश घमण्ड कर रहा था, किंतु किसी को क्या पता था कि सियासी चालें ख़ुद शास्त्री जी की गर्दन काटने पर तुली हुई हैं। जिस दिन शास्त्री जी ने हस्ताक्षर किए, उसी रात को शास्त्री जी की रहस्यमयी ढंग से मौत की ख़बर भारत को दे दी गई। पूरा भारत स्तब्ध था किंतु बड़ा झटका तब लगा, जब ख़ुद भारत सरकार के हवाले से कहा गया कि शास्त्री जी को हार्टअटैक पड़ा है। लेकिन शास्त्री जी की पत्नी की मानें तो अंतिम समय जब उन्होंने शास्त्री जी को देखा तो उनका शरीर बिल्कुल नीला पड़ा हुआ था और उनका यह भी कहना था कि उनके पति को ज़हर दिया गया है।

रूस में हुए उनके पोस्टमार्टम की रिपोर्ट का सच तो छुपा दिया गया। शास्त्री जी के अपने ही देश भारत में उनकी मौत की जांच पड़ताल के बजाए उनकी मौत का सच जानने के लिए पोस्टमार्टम तक नहीं कराया गया। जिसके बाद सवाल भी उठे कि भारत आखिर सच क्यों छुपाना चाहता है? ऐसा भी बताया जाता है कि रूस ने भारत को पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी भेजी थी, लेकिन उसे जनता को नहीं दिखाया गया। अपने ही देश में उनकी मौत का सच छिपा दिया गया, जिसके संबंध में दलील दी गई कि ये अंतरराष्ट्रीय संबंध की वजह से किया जा रहा है।

शास्त्री जी की मृत्यु के बाद कार्यवाहक के तौर पर गुलजारीलाल नंदा को प्रधानमंत्री बनाया गया और उसके बाद इंदिरा गांधी सत्ता में आईं। उनके रूस से बहुत अच्छे संबंध थे, इस वजह से भी देश को आजतक शास्त्री जी की मौत का सच सुनने को नहीं मिला और अब शास्त्री जी की मौत का रहस्य सिर्फ़ एक कभी न सुलझने वाली पहेली बनकर ही रह गया। आखिर नियती को यही मंज़ूर था कि जय जवान-जय किसान का मूल मंत्र देने वाला राष्ट्र सपूत ऐसे विदा हो जाएगा। आखिर राजनीति की इस दुर्दशा पर देश मौन हो गया। शास्त्री जी की सादगी, देशभक्ति और ईमानदारी के लिये मरणोपरान्त उन्हें भारत रत ?न से सम्मानित किया गया। लाल बहादुर शास्त्री एक महान व्यक्ति थे, हैं और सदा रहेंगे। क्योंकि भारत भारती के भाल पर लगे तिलक की भाँति यह लाल भी अजर-अमर है।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्व नाई समाज के कपिल कवर्धा ब्लाक अध्यक्ष व पदुम सचिव बने



**कवर्धा ( समय दर्शन )।** जिला सर्व नाई समाज जिलाध्यक्ष मनहरण श्रीवास के निर्देशानुसार शनिवार को आयोजित ब्लॉक इकाई की संगठन विस्तार के लिए आवश्यक बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से ब्लाक अध्यक्ष कपिल श्रीवास जिंदा व सचिव पदुम सेन कवर्धा बनाए गए हैं। ब्लॉक अध्यक्ष कपिल श्रीवास (जिंदा) की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समाज के संरक्षक राजाराम श्रीवास व बहल श्रीवास बनाए गए हैं। समाज के अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष रोहित श्रीवास सोनबरसा, दीनू सेन दशरंगपुर, दुर्गेश श्रीवास महाराटोला, राजू श्रीवास कवर्धा, सहसचिव दुर्गेश श्रीवास पिपरिया, कोषाध्यक्ष मोनू सेन डेहरी, युवा प्रकोष्ट ब्लॉक अध्यक्ष त्रिलोक श्रीवास कवर्धा को शामिल किया गया है। समाज के सचिव पदुम सेन ने बताया कि बैठक में उपस्थित समाज के जिला पदाधिकारियों ब्लॉक इकाई लोहारा व बोडला कवर्धा ब्लॉक इकाई के वरिष्ठ सामाजिक भाइयों की उपस्थिति में ब्लॉक इकाई सर्व नाई समाज कवर्धा संगठन का विस्तार के लिए चर्चा कर उक्त निर्णय लिया गया। इस बैठक में मनहरण श्रीवास जिलाध्यक्ष, नंद श्रीवास उपाध्यक्ष, दिनेश सेन, मार्गदर्शक अश्वनी श्रीवास जिला सचिव, मनहरण सेन जिला कोषाध्यक्ष, डाकेश्वर श्रीवास ब्लॉक अध्यक्ष स/ लोहारा, तहसील श्रीवास ब्लॉक अध्यक्ष बोडला, होरी श्रीवास जिला युवा अध्यक्ष, मेघराज श्रीवास जिला मीडिया प्रभारी, तिलक श्रीवास, कृष्णा सेन, पवन सेन, बिहारी श्रीवास जलेश सेन, गोपाल सेन, रामकुमार सेन, पिंटू, अमरनाथ, अवधेश, नंदकुमार सेन, राजेश श्रीवास, मनहरन सेन एवं बड़ी संख्या सामाजिकजन उपस्थित रहे।

### शांति नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानो को खाली कराया जाएगा

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत शांति नगर क्षेत्र में रतना बिल्डर्स के ईडब्लूएस भूमि पर निर्मित 36 प्रधानमंत्री आवासों का आबंटन लाटरी पद्वति से दिनांक 03.10.2024 किया जाना है। आबंटित किये जाने वाले मकानो का निरीक्षण करने आयुक्त बजरंग दुबे, नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य अधिकारियों को लेकर मौके पर पहुंचे। स्थल पर 06 ऐसे मकान थे जिसे अन्य व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा कर रखा था। जिसे खाली कराने के निर्देश आयुक्त ने अधिकारियो को दिये है। अधिकारियो द्वारा कब्जाधारियो को 3 से 4 बार नोटिस भी जारी किया गया है। उसके बाद भी उनके द्वारा मकान खाली नहीं किया गया है। दिनांक 02.10.2024 को निगम प्रशासन, पुलिस बल एवं तोड़फोड़ दस्ता के साथ अवैध कब्जा को खाली कराने की कार्यवाही की जावेगी। मकान नीलामी की प्रक्रिया स्थावत होगी।

### सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बोर्ड ने 1:10 स्टॉक स्प्लिट को दी मंजूरी

**मुंबई :** सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (SPIL) (BSEÑ 543828), जो कि रासायनिक और फर्मास्युटिकल व्यवसाय में अग्रणी नाम है, ने घोषणा की है कि इसके बोर्ड ने कंपनी के इक्विटी शेयरों के उप-विभाजन / स्टॉक स्प्लिट के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस प्रस्ताव के तहत 1 शेयर को विभाजित कर 10 शेयरों में परिवर्तित किया जाएगा, जो कि शेयरधारकों की मंजूरी और अन्य आवश्यक अनुमोदनों पर निर्भर है। हाल ही में, कंपनी ने एक नई सहायक कंपनी सुदर्शन मेवन फर्मा प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की है। इस सहायक कंपनी का मुख्य उद्देश्य सभी प्रकार की फर्मास्युटिकल्स, स्वास्थ्य संबंधी, आयुर्वेदिक और आहार अनुपूरक उत्पादों का निर्माण, फॉर्मूलेशन, प्रोसेसिंग, विकास, परिष्करण, आयात और निर्यात करना है, इसके अलावा विविध अन्य उत्पाद भी शामिल हैं। इससे पहले, जुलाई महीने में, कंपनी ने अपने प्रमोटरों को परिवर्तनीय वारंट्स के जारी करके धन जुटाने की मंजूरी दी थी। सुदर्शन फर्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड रासायनिक और फर्मास्युटिकल उद्योग में एक प्रमुख नाम बन गया है। इसके प्रमोटर्स, श्री हेमल वी. मेहता और श्री सचिन वी. मेहता, जिनके पास सामूहिक रूप से 25 से अधिक वर्षों का अनुभव है, के नेतृत्व में सुदर्शन फर्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने विशेष रसायनों और बल्क ड्रग्स के क्षेत्र में मजबूत नींव रखी है। उनकी दृष्टि ने कंपनी को एक एकीकृत रासायनिक और फर्मास्युटिकल कंपनी के रूप में विकसित करने में मदद की है।

# श्रमजीवी पत्रकार संघ ने पत्रकार हित में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### जिले के सांसद और विधायकों को पत्रकार हित में 11 बिंदुओं पर सौपा ज्ञापन

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ( समय दर्शन )** छग श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी एवं प्रदेश महासचिव विश्व दीपक राई व प्रदेश उपाध्यक्ष अब्बास अली के मार्गदर्शन में जिलाध्यक्ष गोल्डी नायक ने दर्जनों पत्रकार साथियों के साथ 11 बिंदुओं पर पत्रकार हित को देखते हुए माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ शासन के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। जिला कलेक्टर से पत्रकार साथियों ने सांसद और विधायकों को ज्ञापन और मांग पत्र दिया, सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी गणपत जांगड़े को ज्ञापन सौंपा गया।

उक्त ज्ञापन पत्र मे छत्तीसगढ़ राज्य अब अपनी युवावस्था का 25 वर्ष पूरा करने जा रहा है।

छत्तीसगढ़ राज्य साधनों एवं सुविधाओं से परिपूर्ण है जिससे समाज का हर वर्ग विकास की राह में अग्रसर है किन्तु समाज को दिशा देकर प्रजातंत्र में अपनी महती भूमिका निभाने वाला श्रमजीवी पत्रकार अपने आप को




इससे वंचित पाता है। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ आपके समक्ष निम्नांकित मांग रखकर उसे पूरा करने की मांग करता है जिसमे 1.पत्रकार कल्याण कोष की राशि बढ़ाकर पांच लाख किया जाए। 2.सम्मान निधि योजना में अधिमान्यता की शर्त समाप्त हो ताकि ग्रामीण साथियों को भी लाभ मिले। 3.सम्मान निधि की राशि 15 हजार की जाए। 4.पत्रकार साथियों के सुरक्षा के लिए पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह जी ने एक समिति गठित की थी, उसका पुनर्गठन हो, उस समिति को अधिकार दिया गया था कोई भी पत्रकार साथी के विरुद्ध अपराध दर्ज होने पर बिना उच्चस्तरीय जांच के चालान पेश नही किया जा सकता था। 5.साप्ताहिक, मासिक समाचार पत्र के संपादक को भी अधिमान्यता दी जाए। 6.प्रदेश में पत्रकारों के लिए भी टोल टैक्स फ्री हो। 7.प्रदेश के विश्राम गृह में पत्रकारों के लिए आरक्षण की सुविधा हो। 8.शहर की तरह ग्रामीण पत्रकारों को भी वर्ष में दो बार भ्रमण करवाया जाए। 9.वेज बोर्ड के नियमो के अनुसार प्रदेश के पत्रकारों व ग्रामीण संवाददाताओं को भी वेतन दिलवाने श्रम विभाग कार्यवाही करे। 10.शासकीय विज्ञापनों में प्रदेश के अखबारों, स्थानीय चैनल को प्राथमिकता दी जाए। 11.रायपुर सहित सभी जिला मुख्यालय कस्बों में पत्रकारों को न्यूनतम दर पर जमीन दी जाए।

पुन: आपसे आग्रह है पत्रकार साथियों के उपरोक्त मांगो को पूरा करवाने संबंधित विभागों को आदेशित करने का कष्ट करें।

उक्त ज्ञापन कार्यक्रम में यशवंत सिंह ठाकुर संभाग सचिव, गोल्डी नायक जिला अध्यक्ष, भरत अग्रवाल संरक्षक, गोपेश रंजन द्विवेदी ब्लॉक अध्यक्ष सारंगढ़, धर्मेंद्र साहू ब्लॉक अध्यक्ष भटगांव, राहुल पांडेय तहसील अध्यक्ष सरसीवा, प्रदीप पटेल, अश्वनी साहू बरमकेला, ओमकार केसरवानी जिला उपाध्यक्ष, सदीप शर्मा, रामकुमार थूरिया जिला महासचिव, कमल चौहान, दिलीप टंडन, राजा खान, हसन अली, सुभाष जायसवाल, इंद्रजीत मेहरा, धीरज बरेठ, मुकेश साहू, भारत भूषण साहू, राजेंद्र साहू, सप्तम साहू, मणि शंकर जायसवाल, बादल सोनी, सतधनु सारथी, अरुण निषाद, भटगांव से सहदेव सिंह सिदार जिला उपाध्यक्ष, गनपत बंजारे, खिलेश्वर पटेल, देवनारायण साहू, धनीराम निराला, सरसीवा से प्रकाश दीवान, रमेश मनहर आदि संघ के पदाधिकारी और पत्रकार साथी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# नवपदस्थ कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कचरे के ढ़ेर देख जताई नाराजगी



### सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** नवपदस्थ कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शहर में सफाई व्यवस्था देखने निकले और जगह जगह कचरे के ढेर देखकर बहुत नाराज हुए और नगर पालिका सीएमओ को सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने ठाकुर पारा, दर्री पारा, नवीन बाजार, काली मंदिर सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कवर्धा नगर पालिका के वार्डों में साफ-सफाई पर और अधिक ध्यान दें। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान शहर के अनेक स्थानों पर कचरे के ढेर देखकर नाराजगी जताई और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कचरे के उचित प्रबंधन की व्यवस्था शीघ्र करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने ठाकुर पारा और दर्री के समीप कचरे के ढेर को साफ कराने और स्थल को स्वच्छ रखने निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नाली की नियमित रूप से सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर आसपास के लोगों द्वारा कचरा फेंका जा रहा है, उन स्थानों को चिन्हांकित करते हुए वहां उचित प्रबंधन किया जाए जिससे ऐसी समस्याओं से स्थाई समाधान मिल सकें। उन्होंने नालियों के नियमित सफाई करने के निर्देश दिए ताकि जल का जमाव और गंदगी की समस्या से निपटा जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू, तहसीलदार उपेन्द्र किंडो सहित नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों, जनप्रतिनिधि, आम नागरिक, गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

**काली मंदिर के पास सफाई रखने व सुधा वाटिका में टूटे झूले ठीक करने कहा-** कलेक्टर श्री वर्मा ने काली मंदिर के समीप स्वच्छता रखने और पेड़ के चारों तरफ जर्जर चौरा को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेड़ के किनारे दीवाल खड़ी करें और नागरिकों के बैठने के लिए चौरा का निर्माण करें। उन्होंने सुधा वाटिका पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई और पौधे की बराबर कटिंग करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वाटिका में आए नागरिकों से चर्चा की। उन्होंने वाटिका में टूटे हुए झूले को ठीक करने और तालाब के किनारे योगा करने वाले स्थान पर सुरक्षा की दृष्टि से दीवार बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने वाटिका में मवेशियों के अंदर आने की शिकायत पर उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए जिससे मवेशी वाटिका के अंदर प्रवेश ना कर सकें।

# कवर्धा शहर प्राइवेट स्कूल संघ के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल व सचिव मयंक नियुक्त हुए

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** नगर कार्यकारणी प्राइवेट स्कूल संघ की बैठक रामशरण चंद्रवंशी की अध्यक्षता में आहूत की गई, जिसमें मां सरस्वती वंदन के पश्चात कार्यकारणी का निर्वाचन किया गया। इस दौरान कवर्धा शहर अध्यक्ष आशीष अग्रवाल एवं सचिव मयंक गुप्ता के साथ कार्यक्रम संयोजक पवन देवांगन, सहसंयोजक ज्ञानेंद्र सिंह को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है।

प्राइवेट स्कूल संघ की बैठक में सर्वसम्मति से कवर्धा शहर अध्यक्ष के रूप में आशीष अग्रवाल व कवर्धा सचिव के रूप मे मयंक गुप्ता को चयनित किया गया है। आगामी कार्ययोजना के रूपरेखा तैयार करते हुए जिला स्तरीय कबीरधाम प्राइवेट स्कूल खेल उत्सव का आयोजन करने की योजना तैयार किया गया है जिसमें विभिन्न शैक्षणिक स्तरों से विद्यार्थी को खेल, विज्ञान प्राधोगिक और सांस्कृतिक स्तर पर बढ़ावा दिया जाएगा। माह नवंबर में जिस प्रतियोगिताओं का आयोजन तय हुआ है उसके



संयोजक के रूप मे पवन देवांगन और सह संयोजक के रूप मे ज्ञानेंद्र सिंह को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है इस मीटिंग मे सपन चोपड़ा, पवन देवांगन, रामशरण चन्द्रवंशी, डॉ आदित्य चन्द्रवंशी, मयंक गुप्ता, ज्ञानेंद्र सिंह, प्रेमलाल यदु, अश्वनी श्रीवास त्रिपाठी, नारायण साहू, प्रिंस बोथरा, अनिल कौशिक, संजय सिंग, मोहन अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल सभी स्कूल के लोग उपस्थित थे। यह मीटिंग जगन्नाथ हॉस्पिटल में हुई। मीटिंग में कवर्धा शहर के दिल्ली पब्लिक स्कूल, अभ्युदय स्कूल, गुरुकुल पब्लिक स्कूल, संस्कार पब्लिक स्कूल, अशोका पब्लिक स्कूल, होली क्रॉस स्कूल, महाराणा प्रताप स्कूल, रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, विवेकानंद स्कूल, ज्योति विद्या मंदिर, विनायक पब्लिक स्कूल, आर्यन पब्लिक स्कूल, सरस्वती ज्ञान मंदिर सभी स्कूल के प्रिंसिपल और डायरेक्टर उपस्थित थे।

# सुराना कालेज परिसर पर चला अभियान, विधायक व आयुक्त ने लिया हाथ मे फावड़ा, अनावश्यक घास को काटकर श्रमदान किया, विद्यार्थियों ने की सफाई

### विधायक एवं आयुक्त के साथ विद्यार्थियों ने दी स्वच्छता में सहभागिता

**दुर्ग।**नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर में लगातार स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मंगलवार को सुराना कालेज परिसर की सफाई की गई।विधायक गजेंद्र यादव ने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा सहित विधार्थियों के साथ कॉलेज परिसर में हाथ मे फावड़ा लेकर अनावश्यक खास को काटकर मैदान साफकर श्रमदान कर लोगो को स्वच्छता का संदेश दिया गया है। इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि सफाई अभियान का असल उद्देश्य लोगो में सफाई के प्रति



जागरूकता लानी है, देश के पीएम श्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता को पूरे देश में अभियान बनाया है इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए हमे अपने आसपास वातावरण को स्वच्छ रखने सफाई से झिझक नहीं होनी चाहिए।कार्यक्रम के दौरान विधायक व आयुक्त ने निगम अमले, विधार्थियों के साथ सुराना कॉलेज परिसर से अनावश्यक झाड़ियों व पालीथिन प्लास्टिक, कचरा इकट्ठा कर कॉलेज परिसर को स्वच्छ बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया।स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कुणाल, राहुल मौजूद रहे।

# नगर पालिका कार्यालय में सफाई कामगार सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का किया गया आयोजन हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**किरंदुल :** स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर लगाकर स्वच्छता दीदीओ एवं सफाई कामगारों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। ज्ञात हो 17/9/2024 से 2/9/2024 तक स्वछता से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत नगर पालिका परिषद किरंदूल कार्यालय के प्रांगण में नगर पालिका के सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया एवं केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के योजनाओं के बारे मे अवगत कराया गया जिसमें निकाय के समस्त स्वच्छता दीदियाँ स्वच्छता कमांडो एवं सफाई कर्मचारी गण का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उक्त शिविर मे मुख्यमंत्री



स्वास्थ्य स्लम योजना वाहन के माध्यम से 112 से भी अधिक लोगो का स्वास्थ परिक्षण किया गया जिसमे बीपी, शुगर , ई सी जी एवम अन्य जांच किया एवम दवाई का वितरण किया गया उक्त कार्यक्रम मे नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय, सहायक राजस्व निरीक्षक गौरीशंकर तिवारी, लेखापाल विनीत साव,मिलिंद बारीक पी आई यू, एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर राजेश सोनी, मनीषा ठाकुर, डॉक्टर अब्दुल सुकुर, फर्मासिस्ट श्वेता बंदोपाध्याय, लेब टेक किरण देवांगन नर्स योगेश्वरी ठाकुर ड्राइवर रमेश तामो , नागेश चौरे,लोमन सिन्हा , नागेश डी पी पात्रा,आदि मौजूद रहे

# गुणवान बच्चे देश की सच्ची सम्पति हैं-भगवान भाई

**बसना ( समय दर्शन )।** शासकीय हाई स्कूल साल्हेतराई मे ओम शांति केन्द्र बसना द्वारा विद्यालयीन बच्चों को सामुहिक रूप से नैथिक शिक्षा का सदज्ञान सा प्रेरित किया गया । इस दौरान माऊंट आबू के प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय के साधक,योगी भगवान भाई ने विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिए भौतिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक शिक्षा की आवश्यकता पर बल देते हुए बच्चों को ज्ञानार्पित किया । नैतिक शिक्षा से ही चरित्र का निर्माण होता है । चरित्र निर्माण ही शिक्षा का मूल उद्देश्य हैं। भौतिक शिक्षा भौतिकता की ओर धकेल रही है। वर्तमान मे बच्चों को संस्कारित बनाने के लिए भौतिक शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा की आवश्यकता हैं। नैतिक शिक्षा से नैतिकता आएगी । वर्तमान में बच्चो को अच्छे संस्कार कि नितान्त आवश्यकता है ।उक्त उदगार माउंट आबू राजस्थान से पधारे हुए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजयोगी ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने कहीं । वे शासकीय हायस्कूल, साल्हेतराई में सभी छात्राओ और शिक्षक को जीवन में नैतिक शिक्षा का महत्त्व विषय पर बोल रहे थे ।

भगवान भाई कहा कि नैतिक मूल्यों का ह्रास व्यक्तिगत, सामाजिक, राष्ट्रीय सर्व समस्या का मूल कारण है। इसलिए विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों एवं



उच्च आदर्शों से आत्मविश्वास व आत्मचेतना मजबूत होती है ।

उसके अंदर सच्चाई का बोलबाला होता है । उसमे समस्या के समाधान के लिए सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता होती है। उन्होंने कहा कि भौतिक शिक्षा से हम रोजगार प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन परिवार, समाज, कार्यस्थल में परेशानी या चुनौती का मुकाबला नहीं कर सकते। नैतिक मूल्यों से व्यक्तित्व में निखार, व्यवहार में सुधार आता है।

उन्होंने कहा कि समाज सुधार के लिए नैतिक मूल्य जरूरी है। नैतिक शिक्षा की धारणा से, आंतरिक सशक्तीकरण से इच्छाओं को कम कर भौतिकवाद की आंधी से बचा जा सकता है। नैतिक शिक्षा से ही सदगुणों का विकास होता है ।

नैतिक शिक्षा बच्चों को संस्कारों से जोड़ती है । उन्हें उनके कर्तव्यों का ज्ञान कराती है । परिवार, समाज, समूह के नैतिक मूल्यों को स्वीकारना तथा सामाजिक रीति ङ्क रिवाजों, परम्पराओं व धर्मों का पालन करना सिखाती है ।

स्थानीय ब्रह्माकुमारी राजयोग सेवाकेंद्र की संचालिका बी के प्रीति बहन जी ने कहा कि जिन बच्चों को बचपन से ही सच बोलना, सहयोग करना, दया करना, निष्पक्षता, आज्ञापालन, राष्ट्रीयता, समयबद्धता, सहिष्णुता, करुणा, आदि मानवीय गुणों को सिखाते है उन्हीं बच्चों में बाद में चलकर ये ही गुण पुष्पित, पल्लवित, व विकसित होकर चरित्र निर्माण में सहायक होते है 7 उन्होंने सभी को राजयोग सेवाकेंद्र पर आकर नैतिक शिक्षा सिखने का निमंर्त्ण दिया ।

महेश रामसाव प्रभारी जी ने बताया कि, बचपन से ही बच्चों को नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाने से उन्हें भले ङ्क बुरे, उचित ङ्क अनुचित का ज्ञान हो जाता है । वह समझने लगता है कि कौन सा व्यवहार सामाजिक है और कौन सा व्यवहार असामाजिक । किन व्यवहारों को करने से समाज में प्रतिष्ठा, प्रंशसा एवं लोकप्रियता मिलती है और किससे नहीं ।

सीनियर शिक्षक श्रवणकुमार ने कहा कि केवल भौतिक शिक्षा से जीवन की समस्या का मुकाबला नहीं कर सकते। चरित्र उत्थान और आंतरिक शक्तियों के विकास के लिए आचार संहिता जरूरी है।

इस मोके पर अवध्यार्प्साद मिश्रा , हितेश मिश्रा, सत्यप्रकाश , बी के मधुसुदन भाई , बी के जयपाल भाई , बी के जितेन्द्र भाई बी के आलिशा बहन और सभी शिक्षक स्टाफउपस्थित था ।

कार्यक्रम के अंत में बी के भगवान् भाई जी ने मन कि एकाग्रता हेतु राजयोग मेडिटेशन भी कराया ।

## संक्षिप्त समाचार

### कालातीत सूचना, बिलासपुर रेलवे की आन-बान-शान




**बिलासपुर (समय दर्शन)।** बिलासपुर रेलवे स्टेशन का मूल ढांचा निश्चित ही ऐतिहासिक धरोहर है। पर पुरानी और कालातीत हो चुकी सूचनाओं को संरक्षित करना रेल मंडल प्रबंधन के मानसिक दिवालियापन को दिखाता है। प्लेटफार्म नंबर 1 जहां पर डीआरएम बिलासपुर के पद पर बैठे अधिकारी सुशोभित होते हैं। हाल ही में जेढआरयुसीसी की बैठक संपन्न हुई। बैठक सितंबर माह के चौथे हफ्ते में 2024 में हुई। प्लेटफार्म नंबर एक पर जेढआरयुसीसी के सदस्यों की सूची लगी है और बोर्ड पर ही लिखा है की सूची 1.2.2021 से 31.1. 2023 तक की है।
अब इस सूचना का कोई महत्व ही नहीं है इसी तरह 13 जुलाई 2024 को नेशनल लोक अदालत हुई थी उसका बोर्ड आज भी लगा हुआ है। चल टिकट परीक्षक ड्यूटी कक्ष के पास रेलवे यूनियन संबंधी इतने पोस्ट चश्पा कर दिए गए हैं कि रेलवे स्टेशन की सुंदरता प्रभावित हो रही है। इस सफाई में बाधक तत्व भी माना जा सकता है। साइबर सेल सारंगढ व थाना बरमकेला पुलिस द्वारा साइबर जागृति के तहत् डॉ0 शक्राजीत नायक शासकीय महाविद्यालय बरमकेला के छात्र-छात्राओं को दी गयी साइबर सुरक्षा की जानकारी

### साइबर फ्राड, सोशल मीडिया एवं महिला व बच्चों संबंधी साइबर अपराध के संबंध मे दी गयी विस्तृत जानकारी



**बरमकेला (समय दर्शन)** पुलिस अधीक्षक श्री पुष्कर शर्मा जिला सारंगढ बिलाईगढ के निर्देशन पर एवं अति.अधीक्षक श्री कमलेश्वर चन्देल, उप पुलिस अधीक्षक अविनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में दिनांक 30.09.2024 को साइबर सेल सारंगढ-बिलाईगढ एवं बरमकेला पुलिस द्वारा बरमकेला स्थित डॉ0 शक्राजीत नायक शासकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को साइबर सेल प्रभारी रामकुमार मानिकपुरी द्वारा साइबर अपराध/साइबर फ्रॉड की जानकारी दिया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधियों द्वारा किस तरीके से लोगों को अपने ठगी का शिकार बनाया जाता है जैसे कि- बैंक तथा कार्ड का ब्यौरा मांगकर ,ओटीपी मांगकर फ्रॉड, यूपीआई फ्रॉड, हरङ्क फ्रॉड, लोन फ्रॉड, फर्जी लॉटरी का झांसा देकर , टावर लगने के नाम से ठगी ,कस्टमर केयर/हेल्प लाईन फ्रॉड, नौकरी (जॉब) फ्रॉड, कार्ड स्कीमिंग/कार्ड क्लोनिंग, स्क्रीन शेयरिंग एप फ्रॉड, सिम स्वैपिंग/सिम क्लोनिंग फ्रॉड,गेमिंग फ्रॉड, मेट्रिमोनियल साइड फ्रॉड, फर्जी बैंक अधिकारी बनकर , फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर साइबर अपराधियों द्वारा लोगो को ठगा जाता है, छात्र- छात्राओं को साइबर अपराधियों के ठगी से बचने एवं उनके झांसे मे ना आने हेतू उपाय एवं जानकारी दिया गया तथा महिलायों एवं बच्चों के खिलाफ साइबर अपराध जैसे अश्लीलता ,मोरफ़िंग , साइबर बुलिंग, साइबर स्टॉकिंग, जासूसी कैमरे , सोशल मिडिया मे निजी जानकारी झांसा ना करने व अनजान व्यक्ति से फ्रेंडशिप ना करने के संबंध मे जानकारी दिया गया तथा ठगी होने एवं अन्य साइबर अपराध का शिकार होने पर अपने नजदीकी थाना संपर्क करने एवं *1930**साइबर ठगी हेल्प लाईन नंबर मे शिकायत दर्ज करने हेतू जानकारी दिया गया।
साइबर जागृति कार्यक्रम मे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ महाविद्यालय के शिक्षकगण ,थाना बरमकेला से सउनि सी0 चन्द्रा , आर0 मिनकेतन पटेल , दिनेश चौहान एवं साइबर सेल आर0 विजय यादव ,कृष्णा महंत उपस्थित रहें।

# प्रशासन ने कर्नाटक में फंसे 3 बच्चें, 8 बंधक मजदूरों सहित कुल 11 लोगो की कराई सकुशल घर वापसी

**बलौदाबाजार (समय दर्शन)।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी के निर्देश में श्रम विभाग द्वारा ग्राम लाहोद के 3 बच्चें सहित कुल 8 बंधक मजदूरों को कर्नाटक से सकुशल घर वापसी करायी गई है। जिसमें 5 पुरुष एवं 3 महिला,बच्चो में 2 लड़का एवं 1 लड़की शामिल है। इस दौरान कलेक्टर ने आज श्रमिक बंधुओं से मुलाकात कर उनका हालचाल का जायजा लिया। श्री सोनी को बधाई देते हुए लालच बचने का सलाह दिया साथ ही स्थानीय स्तर पर बहुत से रोजगार के अवसर उपलब्ध होते है। अत: अनजान जगहो में जाने से अच्छा स्थानीय स्तर में ही रोजगार का कार्य किया जाए। आए मजदूर तोरण बंजारे ने बताया की हमें गन्ना कटाई मजदूर के नाम से लवन के पहचान वाले तेजराम पात्रे के द्वारा 10 सितम्बर को नागपुर गए, वहां सप्ताहभर काम करने के बाद 17 सितम्बर को एक अन्य ठेकेदार के द्वारा कर्नाटक राज्य मंडिया जिले के अंतर्गत ग्राम कोपल्लू में गन्ना कटाई हेतु कार्य करने लगे। मालिक द्वारा न ही रहने, खाने एवं पानी पीने की भी व्यवस्था नहीं कराई गई साथ ही मजदूरी से अधिक अतिरिक्त कार्य कराई जा रही थी। जिससे हम लोगों को बड़ी ही तकलीफहो रही थी। हमने घर वापसी करना चाहा तो उनके द्वारा न ही हमें आने देते थे एवं बंधक बनाकर ही मजदूरी का कार्य कराते थे। बाद में हमने सोशल मीडिया के द्वारा अपनी पीड़ा साझा किए जिससे आज हम सकुशल घर वापसी हुई है। श्रम विभाग की ओर से सह श्रम निरीक्षक अभय दुबे, कोमल सिंह मरावी मजदूरों से संपर्क कर उन्हे सकुशल लाने हेतु कर्नाटक पहुंचे थे। सकुशल वापसी पर सभी मजदूरों ने कलेक्टर बलौदाबाजार- भाटापारा एवं श्रम विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है। बंधक मजदूरों में तोरण बंजारे, रोहित डहरिया,चुम्मन लाल बंजारे, धनजय बंजारे, गजेंद्र कुमार घृतलहरे,सोनी घृतलहरे, मंजू बंजारे, सविता डहरिया, बच्चों में विद्या बंजारे,अधिराज,अमित शामिल है।इस मौके पर जिला श्रम पदाधिकारी सूरज कुमार, श्रम निरीक्षक शशिकला साहू, सह श्रम निरीक्षक अभय दुबे, कोमल सिंह मरावी एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटर गीतांजलि सिन्हा उपस्थित रहे।



# वृद्धजनों को सम्मानित कर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस



### मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्वीप प्रदर्शन और शपथ लिया गया

**सारंगढ़-बिलाईगढ़ (समय दर्शन)**/अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस 1 अक्टूबर के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदी में किया गया। इस अवसर पर सत्ताधारी दल के स्थानीय प्रतिनिधि देवेंद्र रात्रे, मीरा जोल्हे, सरपंच फुलेश्वरी महेश समाजसेवी महेंद्र अग्रवाल, सतीश यादव परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, एसडीएम प्रखर चंद्राकर,डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल, सीएमएचओ डॉक्टर एफआर निराला अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण विभाग की ओर से उप संचालक विनय तिवारी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने सामूहिक और एकल नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बुजुर्ग उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान ने कहा कि हमें अपने माता माता-पिता का भरपूर सहयोग करना चाहिए। वृद्धावस्था होने पर उन्हें घर का पुराना सामान की तरह बाहर वृद्ध आश्रम में छोड़कर नहीं आना चाहिए। वर्तमान पीढ़ी के स्कूली बच्चों को ज्ञान देते हुए कहा कि जैसे हम बोलेंगे वैसे ही काटेंगे। एसडीएम सारंगढ़ प्रखर चंद्राकर ने कहा कि वृद्धजन परिवार और समाज के नींव हैं। सभी विभागों के द्वारा वृद्ध जनों की कल्याण के लिए कार्य करते हैं। किसी कार्यालय में कोई वृद्ध जन यदि जाएं तो शासकीय कर्मी उनका सहयोग करें। छात्र अपने वृद्ध (दादा दादी नाना नानी) के साथ समय बिताएं। परिवार के किसी भी कार्य के समाधान के लिए सभी विभाग खुले हैं इनका समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि उनके लायक कोई समस्या का समाधान हो तो वह उनके कार्यालय में आकर उनको अवगत करा सकते हैं। इसी प्रकार सभा को समाजसेवी महेंद्र अग्रवाल ने कहा कि घर में एक वृद्ध जन का होना बहुत जरूरी है। वृद्धजन के रहने से परिवार का सहारा रहता है। स्कूल के प्राचार्य विभावरी ठाकुर ने कहा की वृद्धजन का आशीर्वाद किसी भी कार्य के लिए बहुत आवश्यक है और उनके आशीर्वाद से सभी कार्य पूर्ण होते हैं। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ निराला, वरिष्ठ समाजसेवी अब्बास अली एवं न्यू लायंस क्लब सारंगढ़ के मुख्य कैजार (दोनो भाई) को एक साथ सम्मानित किया गया। इसी प्रकार सभा में वृद्ध जनों को शॉल और श्रीफल से अतिथियों के द्वारा सम्मान किया गया। वृद्ध जनों के साथ कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें वृद्धजन विजयी हुए। वृद्ध जनों के साथ में अतिथियों ने सामूहिक भोज किया। इसके साथ-साथ इस कार्यक्रम में डॉक्टरी इलाज के लिए एलोपैथी और आयुर्वेद दोनों का स्टॉल लगाया गया था जिसमें ग्रामीण और वृद्ध जनों ने अपना इलाज कराया। इस दौरान सभी नागरिकों द्वारा वृद्धजनों को सहयोग करने का शपथ लिया गया। शपथ कार्यक्रम के दौरान मतदाता जागरूकता के लिए भी शपथ लिया गया। स्वीप के आकार में स्कूली बच्चों ने मतदाता वोट देने के लिए अपना जागरूकता प्रदर्शन किया। सभा को वृद्धजन और मतदाता जागरूकता के पोस्टर से सजाया गया था। सभी नागरिकों के लिए दोपहर भोजन का व्यवस्था किया गया था।

# जिस मुद्दे को लेकर भाजपा ने जीता पहला चुनाव, उसी को गई भूल, रमन यूनिवर्सिटी की धांधली

**बिलासपुर (समय दर्शन)।** 2001 छत्तीसगढ़ में अजित जोगी के मुख्यमंत्री बनने के बाद, भारतीय जनता पार्टी ने पहले विधानसभा चुनाव के पूर्व जो आरोप पत्र जारी किया इसका मुख्य विषय पैसा दो डिग्री लो और निजी क्षेत्र में दर्जनों खुल गई यूनिवर्सिटी थे।

कांग्रेस चुनाव हार गई भारतीय जनता पार्टी ने डॉक्टर रमन सिंह के नेतृत्व में 15 साल शासन किया। पूरे छत्तीसगढ़ का क्या कहें, चावल की हंडी में से एक दाना बिलासपुर उठा लेते हैं। किस विषय की कौन सी डिग्री चाहिए पैसा दो डिग्री लो और इस काम को करने के लिए बिलासपुर का एक नहीं एक से ज्यादा निजी विश्वविद्यालय तैयार हैं। ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, बी फार्मा, डी फार्मा, पीएचडी भी उपलब्ध है। निजी विश्वविद्यालय से पास होकर कितने युवक-युवती पीएससी या संघ लोकसेवा आयोग में चुने गए....? इसकी ब्रांडिंग कभी नहीं होती, पर कितने प्रशासनिक अधिकारियों ने या उनकी पत्नियों ने ऐसे निजी विश्वविद्यालय से पीएचडी कर ली इसका पता जरूर चलता है।




आज हम केवल पत्रकारिता संकाय में की जाने वाली पढ़ाई बीजेएमसी की बात करते हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालय के अलावा कोटा स्थित सीवी रमन में इस डिग्री की पढ़ाई की जा सकती है। प्राप्त जानकारी के आधार पर स्पष्ट है कि इन दिनों इसकी परीक्षा चल रही है। परीक्षा देने वाले छात्रों को पूर्व से कोई निश्चित टाइम टेबल नहीं दिया गया है। कहते हैं सबको एक दिन पहले मोबाइल पर मैसेज आ जाता है। हमारे कुछ परिचित भी इस परीक्षा को दे रहे हैं। जब उनका पेपर चलता रहता है उस वक्त भी उन्हें मोबाइल पर संपर्क किया जा सकता है। वे बाकायदा फोन उठा लेते हैं और बातचीत भी कर लेते हैं ऐसी सर्व सुविधा युक्त परीक्षा हमने इसके पूर्व नहीं देखी। आमतौर पर बीजेएमसी की पढ़ाई वे लोग अधिक करते हैं जो पत्रकारिता पेशे में होते हैं। यदि रमन विश्वविद्यालय में चल रही बीजेएमसी की पढ़ाई स्तरीय है तो बिलासपुर का 15 वर्ष का पत्रकारिता का समकालीन स्तर श्रेष्ठ क्यों नहीं हो रहा....? हमने इस संदर्भ में निजी विश्वविद्यालय के जन संपर्क अधिकारी से बातचीत करने की कोशिश की उन्होंने गोल-मोल जवाब दिया। उन्होंने कहा सक्षम और जिम्मेदार व्यक्ति से बात करके टिप्पणी उपलब्ध कराऊंगा। वर्तमान रजिस्टर को भी जब इस संदर्भ में संपर्क किया गया तो उन्होंने व्यवस्था का हवाला दिया। रमन यूनिवर्सिटी की अनियमितताओं के संदर्भ में विभिन्न स्तर पर बहुत सारे शिकायतें हैं पर कभी भी कोई शिकायत अपने परिणाम तक नहीं पहुंची। परिणाम सदा किसी को दोषी सिद्ध करने का नहीं होता उन्हें क्लीन चिट भी मिल सकती है। पर ऐसा भी कभी नहीं हुआ।

इवेंट मैनेजमेंट के दम पर, के साथ ही पत्रकारिता के हर विधा में विज्ञापनों के मार्फत खबर का गला घोटना ही बाजारवाद की वास्तविकता है।

### आईसीआईसीआई बैंक का फेस्टिव बोनान्ज़ा बड़े ब्रांड और प्रमुख ई-कॉमर्स पोर्टल पर आकर्षक डील के साथ धूम मचाने फिर आया वापस

**मुंबई-** आईसीआईसीआई बैंक का सालाना फेस्टिव बोनान्ज़ा इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, फैशन, आभूषण, फर्नीचर, यात्रा, ई-कॉमर्स और डाइनिंग जैसे बड़े ब्रांड पर आकर्षक डील के साथ वापस आ गया है। बैंक के ग्राहक अपने क्रेडिट/डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, कार्डलेस ईएमआई और कंज्यूमर फाइनेंस का उपयोग करके इन ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं और ?40,000 तक की छूट पा सकते हैं। वे अपने क्रेडिट/डेबिट कार्ड का उपयोग करके नो कॉस्ट ईएमआई का लाभ उठाने का विकल्प भी चुन सकते हैं। बैंक आईफोन 16 और एपल के अन्य उत्पादों पर विशेष डील प्रदान करता है। आईफोन 16 की खरीद पर, ग्राहक अपने क्रेडिट कार्ड और अपने क्रेडिट और डेबिट कार्ड के माध्यम से की गई ईएमआई खरीद पर ?5,000 तक का तत्काल कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं। आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड धारकों को विशेष रूप से एपल के 'आईफोन फॉर लाइफ' प्रोग्राम के लिए रजिस्टर करने का विकल्प मिलता है।

### एसबीआई कार्ड ने सिंगापुर एयरलाइंस के साथ साझेदारी की

**नई दिल्ली:** भारत के सबसे बड़े प्योर - प्ले क्रेडिट कार्ड एसबीआई कार्ड ने सिंगापुर की राष्ट्रीय एयरलाइंस सिंगापुर एयरलाइंस लिमिटेड (एसआईए) के साथ आज क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड लॉन्च किया। इस अनूठे यात्रा केंद्रित सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को सुपर-प्रीमियम कार्डधारकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है जिसका लाभ ग्राहकों को हवाईयात्रा और जमीन दोनों प्राप्त होगा। एसआईए के इस समूह में सिंगापुर एयरलाइंस, स्कूट एयरलाइन, क्रिसशॉप डॉट कॉम, क्रिस+ लाइफस्टाइल ऐप और पेलेगो शामिल हैं। नए लॉन्च किए गए क्रेडिट कार्ड दो रूपों में उपलब्ध है - क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड और क्रिसफ्लायर कार्ड एपेक्स। इस साझेदारी के साथ, क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड के ग्राहक अपनी यात्रा खर्चों पर कई बड़े पुरस्कार और तमाम तरह के लाभ प्राप्त कर सकेंगे। क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड पर 3,000 क्रिसफ्लायर माइल्स और क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड एपेक्स पर 10,000 क्रिसफ्लायर माइल्स के एक्सक्लूसिव वेलकम ऑफ़र के साथ इस कार्ड का उद्देश्य अपने चुनिंदा ग्राहकों को अद्वितीय सुविधा और लक्जरी प्रदान करना और उनकी यात्राओं को एक नए तरह का अनुभव देना है।

# विभिन्न प्रतियोगिताओं द्वारा स्वच्छता ही सेवा के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाया गया

**सरायपाली (समय दर्शन)।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा(17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024)अंतर्गत स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जहां प्रथम दिवस नगर पालिका परिषद सरायपाली द्वारा क्षेत्रीय विधायक श्रीमती चातुरी नंद,न.पा.प.सरायपाली अध्यक्ष श्री चंद्रकुमार पटेल,उपाध्यक्ष श्रीमती सुशीला गंगाराम पटेल, निर्वाचित पार्षदगण एवं सरायपाली एसडीएम नम्रता चौबे (आई.ए.एस.),सीएमओ दिनेश यादव,बीईओ श्री प्रकाशचंद्र मांझी के साथ ही जनप्रतिनिधियों,अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ करते हुए सामूहिक रूप से विशाल रैली निकाली गई तथा साफ-सफाई करते हुए एक पेड़ मां के नाम (वृक्षारोपण) कर श्रमदान किया गया।

वहीं द्वितीय दिवस स्वच्छता ही सेवा एवं स्वच्छ छत्तीसगढ़ - स्वस्थ छत्तीसगढ़ विषय पर सेजेस सरायपाली में स्कूली छात्र- छात्राओं ने प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी के नेतृत्व में निबंध लेखन किया और स्वच्छता का अलख जगाने ड्रॉइंग कर आकर्षक पेंटिंग, रंगोली बनाई गई और नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। यशवंत कुमार चौधरी ने बताया कि क्लीन- ग्रीन-ईको फ्रेंडली विद्यालय एवं नगर के लिए स्वच्छता एक अनिवार्य घटक है जिसमें सबकी भागीदारी आवश्यक है।

सेजेस प्राचार्य मनोज पटेल ने विद्यालय में स्वच्छता श्रमदान हेतु सामूहिक रुप से सबको संकल्प दिलाया और इसका पालन करने/आत्मसात करने पर



जोर दिया। व्याख्याता लता साहु ने कहा कि आमजन में सफाई की आदत विकसित होना बेहद जरूरी है चूंकि स्वच्छता व्यक्तिगत के साथ - साथ सामूहिक दायित्व भी है। इसलिए नई पीढ़ी को सफ़ाई के प्रति जागृत करना अभियान का उद्देश्य है ।

व्याख्याता महेश नायक ने कहा कि व्यक्तिगत के साथ सार्वजनिक जीवन में स्वच्छता अपनाना बेहद जरूरी है।

व्याख्याता प्रदीप नारायण सेठ ने कहा कि सफाई में है भलाई इसलिए सफाई के प्रति स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी सफाई के प्रति प्रेरित करना एक स्वच्छ व स्वस्थ समाज निर्माण में कारगर साबित होता है। व्याख्याता नरेश पटेल ने कहा कि

स्वच्छ वातावरण में ही स्वस्थ जीवनशैली संभव है। व्याख्याता प्रवीण तिवारी ने कहा कि स्वच्छता हेतु साथ मिलकर सार्थक कदम बढ़ाने की जरूरत है।

शिक्षक विनोद कुमार चौधरी ने कहा कि सफाई आज की मूलभूत आवश्यकता है और यह कथनी से कहीं ज्यादा करनी पर निर्भर है। रश्मि राजा ने कहा कि व्यक्तिगत के साथ सामुदायिक केन्द्रों में सामूहिक स्वच्छता की ओर ध्यान देना बेहद जरुरी है।

प्रधान पाठक आशा शर्मा ने कहा कि स्वच्छता और सीखना- सिखाना सतत चलने वाली प्रक्रिया है इसलिए विद्यालय को स्वच्छ रखने इसके नियमितता पर जोर देने की बात कही।

सहायक ग्रेड दो रोहित मुन्ना ने कहा कि इस महाअभियान को सफल बनाने सबकी सहभागिता/भागीदारी जरूरी है।

स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत विद्यालय में नियमित रूप से विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए और विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया।

विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक,रंगोली,निबंध लेखन,भाषण,चित्रकला,स्लोगन लेखन, जनजागरुकता रैली,स्वच्छता दौड़ आदि गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता का अलख जगाया।

विविध प्रतियोगिताओं/ गतिविधियों को सफल बनाने के साथ ही नियमित रुप से बच्चों को प्रोत्साहित करने में एसएमडीसी अध्यक्ष डॉ.आशीष दास एवं पालक समिति अध्यक्ष कमल पटेल,उपाध्यक्ष कमल किशोर अग्रवाल,पालक सदस्य चंपालाल डडसेना आदि पालकों सहित सेजेस सरायपाली के पूरे स्टॉफ एवं नगर पालिका परिषद सरायपाली का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर प्राचार्य मनोज पटेल,व्याख्याता लता साहु,महेश नायक,प्रदीप नारायण सेठ,मीना एस.प्रकाश,सुब्रत प्रधान,नरेश पटेल,जलंधर वर्गे,दिनेश कर,प्रवीण तिवारी,रेखा पुरोहित,उमा नायक,हरिश चौधरी,ज्योति सलूजा,लक्ष्मी चौधरी,मौसमी माथुर,शिवेंद्र सिंह सोनवानी,साकेत राजवाड़े,मंजिला चौधरी,सीएसी कामता पटेल, प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी,शिक्षिका रश्मि राजा, शिक्षक श्यामसुंदर दास ,विनोद कुमार चौधरी,गजानंद प्रधान,विशिकेशन नैरोजी,हिमाद्री प्रधान,प्रधान पाठक आशा शर्मा,सहा.शिक्षक एल.बी.पात्रो, नेतराम पटेल,धनपत सिदार,भारती सिदार,शोभाराम भोई,नेहा दास साहु,गुलाब चौहान,अक्षय भोई,रोहित कुमार मुन्ना,सविता सिदार, घसियाराम चौहान,गीती बरिहा, गोमती बरिहा,केशवप्रसाद चौहान आदि के साथ स्कूली बच्चों एवं पालकों तथा खूब योगदान रहा।

# फर्जी राशन कार्ड बनाने वाले कौंन... कब होगा खुलासा ?




**सारंगढ़ योगेश कुर्रे (समय दर्शन)।** सारंगढ़ में भ्रष्टचार को दबाने और दोषियों को बचाने में कोई कसर नही छूट रहा दिखाई दे रहा सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जनपद पंचायत सारंगढ़ में विगत दिनों दर्जनों फर्जी राशन कार्ड का मामला सामने आया था जिसमे खाद्य विभाग की आई डी को किसी ने हैक कर या कहे चोरी कर फर्जी तरीके से 50 से अधिक राशन कार्ड बना डाले जिसको लेकर काफी सोरगुल हुआ है और कुछ दिनो तक बवाल भी मचा रहा जैसे ही जनपद सीईओ को जानकारी हुआ बकायदा उन्होंने इसकी शिकायत थाना तक लेकर गई साथ ही जिला प्रशासन को भी अवगत कराया फिर उसके बाद मामला और तुल पकड़ता गया कुछ दिन तक तो हल्ला चला कौन बनाया, कहा बनाया ,किसने बनाया ,कैसे बनाया सब कुछ सामने आने ही वाला था की अचानक मामला अब ठंडे बस्ते में चला गया और मामले में अब कई दिन बीत चुके हैकर पकड़ से बाहर है सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के सक्रियता पर उठ रहे सवाल जिस तरह से फर्जी राशन कार्ड मानकर काट दिया गया तो जिसने फर्जी बनाया उस तक हाथ क्यों नहीं पहुंच रहे सूत्र की माने तो थाना में शिकायत दर्ज की बात चली लेकिन कुछ दिन बाद शांत हो गया फिर जिला प्रशासन ने संचनायलय तक पत्र भेज कर जांच कराया जायेगा और दोषी पर कार्यवाही भी होगी लेकिन ठंडे बस्ते में जाता नजर आ रहा है इसलिए तो शुरवाती लेख में लिखा गया की सारंगढ़ में भ्रष्टचार को दबाने और दोषियों को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ती

**फर्जी राशन कार्ड मास्टरमाइंड पर अधिकारी क्यों नही लगा रहे माइंड**– किसी आधिकारिक आई डी को हैक कर फर्जी तरीके से राशन कार्ड बना दिया गया और उसके बाद भी हैकर मास्टरमाइंड पर किसी अधिकारी का माइंड क्यों नहीं जा रहा ये सबसे बड़ा सवाल है जबकि इस तरह की कृत्य शासन को ही चुनौती दे रहा और इतना ही नही ऐसे मास्टरमाइंड की जांच कर जल्दी उसे जेल में होना चाहिए लेकिन शायद आप सब भूल गए होगे आप सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला में है यहां भ्रष्टाचार,शोषण, अत्याचार,फर्जीवाड़ा जैसे मुद्दों पर ध्यान नही दिया जाता जबकि ऐसे मामले में तत्काल संज्ञान लेना चाहिए आज राशन कार्ड आई डी को हैक या चोरी किया गया कल जिला के किसी और विभाग का हो सकता है इसलिए ऐसे मामले में तत्काल संज्ञान लेकर 420 करने वाले के खिलाफ एफआईआर होनी चाहिए।

## खबर-खास

## संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** आमजनों को हृदय रोग एवं अन्य गैर संचारी रोगों जैसे मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप से बचाव तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए जागरूकता हेतु संयुक्त जिला कार्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में कार्यरत विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने स्वास्थ्य जांच कराया।साथ ही आज आयोजित जनदर्शन में शामिल होने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे आम नागरिकों का भी नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं ईलाज किया गया। आवश्यकतानुसार लोगों को दवाईयों का भी वितरण किया गया।शिविर में पहुंचे लोगों को गैर संचारी रोग, बीपी एवं शुगर से बचाव के बारे में विशेष रूप से जागरूक किया गया।साथ ही उचित खानपान बनाये रखने से कई प्रकार की बीमारियों से बचाव के बारे में भी बताया गया।शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सा अधिकारी सहित परामर्शदाता गैर संचारी रोग, स्टाफनर्स एवं अन्य मेडिकल स्टॉफकी ड्यूटी लगाई गई।

## केदारा समर्थित एजाक्स इंजीनियरिंग लिमिटेड ने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल की

केदारा समर्थित एजाक्स इंजीनियरिंग लिमिटेड, जो कंक्रीट उपकरणों की व्यापक रेंज जैसे इक्विपमेंट्स, सर्विसेज एंड सोलूशन्स के साथ एक अग्रणी कंक्रीट उपकरण निर्माता है, ने प्रारंभिक सार्वजनिक ऑफरिंग (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के साथ ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, बेंगलुरु मुख्यालय वाली कंपनी की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश में बिक्री करने वाले शेयरधारकों द्वारा 2,28,81,718 इक्विटी शेयरों (2.28 करोड़ इक्विटी शेयर) तक की बिक्री की पेशकश शामिल है।

## कलर्स के 'खतरों के खिलाड़ी 14' का शानदार समापन हुआ, करण वीर मेहरा ने ट्रॉफी अपने नाम की!

**मुंबई।** दर्शकों को कुछ अभूतपूर्व स्टंट्स के उल्लेखनीय रोलरकोस्टर राइड पर घुमाने के बाद, कलर्स के 'खतरों के खिलाड़ी' ने करण वीर मेहरा को इस सीज़न के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का ताज़ पहनाया। रोमांच के तूफान के बीच, करण वीर मेहरा ने मानवीय क्षमता की सीमाओं से बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि कृष्णा श्रॉफ और गश्मीर महाजनी ने क्रमश: पहले और दूसरे रनर-अप की पोजिशन हासिल की। अपराजित सफलता के एक्शन से भरपूर सफर को जारी रखते हुए, भारत के पसंदीदा स्टंट-आधारित रियलिटी शो ने एक बिल्कुल नया ट्विस्ट लेते हुए अपने 14वें सीज़न के सफर में यूरोपीय स्वर्ग, रोमानिया पहुंचा। इस खूबसूरत देश में शो का डेब्यू करके, डर के बैटलग्राउंड ने स्क्रिप्ट को पलटते हुए, ड्रीम डेस्टिनेशन को स्केयर-केशन में बदला दिया जिसने दर्शकों को नौ सप्ताह तक अपनी स्क्रीन से चिपकाए रखा। ऊंचाई से छलांग लगाने से लेकर पानी के अंदर संघर्ष करने तक, हर तरह के परिवहन साधन का इस्तेमाल डर के वाहन के रूप में किया गया, और प्रतियोगियों का पहली बार भालू से आमना-सामना हुआ।

## दो बाइक के भिड़ंत में एक की मौत एक घायल

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** जिले के चारोधाम चौक में बीते रात को दो मोटरसाइकल के भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत हो गई, वही एक घायल को प्राथमिक उपचार के पश्चात रायपुर भेजा गया।घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर पांडूका थाना अंतर्गत चारो धाम चौक में सोमवार के रात को दो मोटरसाइकल में भिड़ंत हो गई,इस घटना में डोमेश्वर दीवान की मौत हो गई ,वही उसी के मोटरसाइकल पीछे बैठी महिला नर्मदा बाई को गंभीर चोट लगी।जानकारी के अनुसार डोमेश्वर दीवान और नर्मदा दीवान अपने पारिवारिक कार्य से नजदीक के ग्राम गए थे ,वहा से कार्य निपटा कर अपनी मोटरसाइकल से अपने घर गरियाबंद के समीप कोसमी ग्राम लौट रहे थे उसी दौरान पाण्डुका चारोधाम चौक के पास किसी अज्ञात मोटरसाइकल से उनकी मोटरसाइकल की भिड़ंत हो गई।इस घटना से दोनो को गंभीर चोट लगी जिन्हे जिला अस्पताल लाया गया लेकिन डोमेश्वर दीवान का रास्ते में ही मौत हो गया।साथ ही नर्मदा बाई को गंभीर चोट लगी जिसका प्राथमिक उपचार कर रायपुर भेजा गया।घटना पाण्डुका थाना का होने के चलते मार्ग पंचानाम कार्यवाही कर पांडुका थाना भेजा गया।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में बच्चों को दिलाई स्वच्छता की सफाई



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में करीब 600 छात्राओं एवं शिक्षकों को एक साथ स्वच्छता की शपथ दिलाई।उन्होंने बच्चों को स्वयं स्वच्छता अपनाने के साथ 100 और लोगों को प्रेरित करने,स्वयं गंदगी ना करने,अपने घर मोहल्ले को स्वच्छ रखने,आस पास किसी अन्य को भी गंदगी ना करने देने की शपथ दिलाई। इसके साथ ही हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने का भी संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने बच्चों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर समूचे देश में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान का उद्देश्य हमारे आसपास के वातावरण स्वच्छ और सुंदर रखना है।उन्होंने कहा कि देश जब स्वच्छ होगा तब विकसित भारत का सपना पूरा होगा।पालिका अध्यक्ष ने आगे कहा कि स्वच्छता हम सब की जिम्मेदारी है और हम सभी की सहभागिता से यह अभियान सफल हो सकता है।उन्होंने बच्चों को भी अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने,अपने घर और आसपास गंदगी न फैलाने की अपील की। मेमन ने कहा घर के सामने कूड़ाकरकट जमा नहीं होने दे,रोजाना घर से निकलने वाले कचड़े को पालिका के वाहन में ही डाले।

इस अवसर नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, सभापति आसिफ मेमन,वंश गोपाल सिन्हा,सीएमओ श्रीमती संध्या वर्मा,इंजी अश्वनी वर्मा,प्राचार्य बुद्ध सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और शिक्षकगण उपस्थित थे।

## भगवान बिरसा मुण्डा की स्मृति में 15 नवंबर को छत्तीसगढ़ में मनाया जाएगा 'जनजातीय गौरव दिवस

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को छत्तीसगढ़ के हर जिले में 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाने की घोषणा की है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुण्डा की स्मृति में जनजातीय गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया है।इस वर्ष भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती है। छत्तीसगढ़ में भी इसे भव्य रूप से मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री आज राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में 'जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत,ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान'विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता वन मंत्री केदार कश्यप ने की। विधायक भईयालाल राजवाड़े विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है।यह सोचकर गर्व होता है कि अनेक महान स्वतंत्रता सेनानियों का जन्म जनजातीय समाज में हुआ।अपने देश के लिए संघर्ष करने की परम्परा जनजातीय समाज में प्रारंभ से रही है।शहीद वीर नारायण सिंह,गैंदसिंह,गुण्डाधूर जैसे अनेक महान नायकों ने अपना बलिदान दिया।मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया आज जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौतियों से गुजर रही है।ऐसे में प्रकृति का संरक्षण बहुत आवश्यक है।जनजातीय समाज ने हमें प्रकृति के संरक्षण का मार्ग दिखाया है,जो आज भी अनुकरणीय है।जनजातीय समाज में प्रकृति की पूजा की जाती है।पूर्वी छत्तीसगढ़ में साल के पेड़ में जब फूल आते है तो सरहुल पर्व मनाया जाता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय संस्कृति में गहरी आध्यात्मिकता छिपी है।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिले के वृद्धजनों को किया गया सम्मानित




### स्टिक एवं श्रवण यंत्र का किया गया वितरण

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** शासन के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आज गरियाबंद के वन विभाग ऑक्सन हॉल में वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में जिलेभर से लगभग 500 वृद्धजन शामिल हुए।कार्यक्रम में शामिल वृद्धजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।साथ ही वृद्धजनों को वाकिंग स्टिक,सहायक उपकरण श्रवण यंत्र वितरित किया गया।कार्यक्रम में वृद्धजनों द्वारा संचालित कोपरा के प्रभात भजन मंडली के सदस्यों ने शामिल होकर भक्तिमय भजन की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन विभोर कर दिया।कार्यक्रम में नगर पालिका गरियाबंद के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन एवं जिला पंचायत सीईओ रीता यादव ने शामिल होकर बुजुर्गो का सम्मान एवं आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति फिरतुराम कंवर,जनपद अध्यक्ष लालिमा ठाकुर,नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके,प्रेरक संस्था राजिम के अध्यक्ष रामगुलाल सिन्हा,सहित समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डी.पी. ठाकुर,जनपद पंचायत गरियाबंद सीईओ अमजद जाफरी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर श्री मेमन ने कहा कि वृद्धावस्था में वृद्धजनों का देखभाल और सेवा-जतन की बहुत आवश्यकता होती है।उन्होंने कहा कि वृद्धजन माता-पिता के समान है।सभी को बुजुर्गों का आदर एवं मान-सम्मान बनाए रखना चाहिए।उन्होंने बुजुर्गों से अपील किया कि अपने नाती-पोते को लाड-दुलार के साथ बच्चों को ज्ञानवर्धक जानकारी साझा करें।इससे बच्चों को भी अच्छे संस्कार और जानकारी मिलेगी।इस अवसर पर मेमन ने इंडोर स्टेडियम के नजदीक वृद्धजनों की सुविधा के लिए भवन निर्माण हेतु 10 लाख रूपये एवं फर्नीचर तथा मनोरंजनयुक्त सामग्री के लिए दो लाख रुपये देने की घोषणा की।अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर विशेष स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां वितरित की गई।स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर में वृद्धजनों को विविध बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया।साथ ही इनसे बचाव के उपाय बताये गये।

## युट्यूबर और इंस्टा की भीड़ ने फिल्म बलीफुल वेलकम टू बस्तर के गानों में खूब रील बनाया ...



**रायपुर** ..फ़िल्म बालिफूल वेलकम टू बस्तर इसका निर्माण सौम्या वेंचर के बैनर तले किया गया हैँ कार्यक्रम मे विशेष तौर पर सी जी नरेश और उनके टीम डीएनए कि विशेष उपस्थिती, सी जी नरेश , प्रीती सी जी ब्लॉग , एस के गजपाल, तड़ फड़ छत्तीसगढ़, सी जी लाइव, आर के ब्लॉग करण साहू प्रोडक्शन, सी जी राहुल ब्लॉग ब्लॉगर प्रीति साहू , सी जी आनंद, सी जी सुनील, और भी लोगो के अलावा विशेष रूप से फ़िल्म के निर्माता अजय अग्रवाल, ने यूट्यूबर लोगो का शॉल फूलमाला रोज देकर सम्मान किये, इनके आलावा ओमप्रकाश जैन, संतोष मिरि, मिर्जा मक़सूद बेग, दिलीप सोनी, अरविन्द चन्दन, मोनिका जैन फ़िल्म के कलाकार गोविन्द विश्वकर्मा, सुन्दर साहू, दुर्गेश वर्मा, विनोद नेताम, संतोष थापा, मनोज राजपूत, कुशग्र सोलंकी, जय प्रकश पाण्डेय,मेहर खान, सावित्री काहर, लक्ष्मी नाग, प्रमिला रात्रे, पुनीत पाण्डेय, संजय गर्ग विनोद राव, इनके आलावा सांस्कृतिक प्रस्तुति केशव बाग नटराज डांस अकेडॉमी, और गुंजन साहू, और वेदीका साहू कि अनुपम प्रस्तुति दी गई, घर द्वार फ़िल्म के निर्माता विजय पाण्डेय जी के सुपुत्र जय प्रकाश पाण्डेय का विशेष आभार साथ ही कार्यक्रम स्थल होटल रॉयल प्लेस एवं हमारे फ़िल्म कि टीम संगीत - प्रदीप साठिया, सुक्कू बारिक, गीतकार सुक्कू बारिक, चंदन दीप, कोरियोग्राफर दीलिप बैस, चंदन दीप, करण निहाल गायक/गायिका सुनील सोनी, समीर, मोनिका वर्मा, चंम्पा निषाद, कंचन जोशी, पष्णू बादव, राजेन्द्र साहू, गंगा साहू कलाकार भुनेश साहू, अंजली ठाकुर, गोविंद विश्वकर्मा, हेमा शुक्ला भीखराय साहू, रवि शर्मा, मेहर खान, लीना ठाकुर, जय प्रकाश साहू, पेन्धर मनोज राजपुत, शैलेन्द्र वर्मा, निलेश देवांगन, विनोद नेताम, किरण वर्मा, हेमा मानिकपुरी घनश्याम वर्मा, राजेन्द्र साहू, महेश वर्मा, गंगा साहू, नंव ध्रुव, सोनू धर्मेन्द्र सोनी, संतोष बापा, भानूमति कोसरे, वर्षा सारची सोनिया सायतोडे, लीना ठाकुर, पिंकी साहू, भीम जायसवाल, राजू कौशिक, सन्नी शर्मा, देवकुमार, राजेश, नन्दू दुर्गेश वर्मा, सुन्दरलाल साहू, कुशाना सोलंकी, डॉ. संजय तेलंग, एजाज वारसी, पियूष साहू, योगेश साहू, सुधीर आजाद तम्बोली, विक्की सिंह ठाकुर, अरुण यादव पोस्ट प्रोड्?क्सन हरिओम फिल्मस् सयपूर फाइटर मास्टर विक्की सिंह राजपूत मेकअप मेन बलदेव संधू, संजय टंडन, मुसद स्वान ड्रेस मेन मनोज मानिकपूरी, मिस्थर साहू प्रोड्क्सन मेनेजमेंट: प्रकाश घुस, मंगासम साहू सहायक डायरेक्टर अदित्य पटेल, ज्वाला सूत्रे वैग्राउण्ड म्युजिक - प्रदीप साठिया, श्याम सारथी, लाईटमैन शैलेन्द्र वर्मा, मिथलेश साहू, कमल साहू, मोहन साहू, नोहर साहू, निरज साहू कहानी संवाद निलेश देवांगन डॉस ग्रुप मनोज राजपुत, एसएम.डॉस ग्रुप माना रिकॉर्डिंग मास्टिंग पुस्वराज सोनकर कैमरामेन डॉ पुनीत सोनकर, मुकेश वर्मा, जय, संपादन डॉ पुनीत सोनकर, जय सिदीकी, डीआई लामेन्द टंडन पियूश साहू पोस्टर डिजाईन मोडल ग्राफिक्स, प्रचार प्रसार योगेश साहू, निलेश मनवीर, स्टील राजेश सोनकर स्पॉट सहयोगी मुकेश अंवानी, सहुल, शानू, भुपेन्द्र, पंकज, धनराज।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत ''मेरी पॉलिसी मेरे हाथ''

### कलेक्टर ने की 30 कृषकों को पॉलिसी वितरण




**दुर्ग (समय दर्शन)।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जिले के 30 कृषकों को प्रतीकात्मक रूप से फसल बीमा पॉलिसी ''मेरी पॉलिसी मेरे हाथ'' का वितरण कर पालिसी वितरण का शुभारंभ किया। इसी कड़ी में मंगलवार 01 अक्टूबर को विकासखण्ड स्तर पर भी बीमित कृषकों को फसल बीमा पॉलिसी वितरण किया गया। अभियान में सफल संचालन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर भी सतत् रूप से फसल बीमा पॉलिसी वितरण किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि फसलों को प्रतिकुल मौसम सूखा, बाढ़, कीटव्याधी, ओलावृष्टी आदि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई एवं कृषकों को राहत दिलाने हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू है। खरीफवर्ष 2024 में फसल बीमा आवरण में सम्मिलित समस्त कृषकों को फसल बीमा पॉलिसी उपलब्ध कराने हेतु ''मेरी पॉलिसी मेरे हाथ'' अभियान के तहत पॉलिसी वितरण कराया जाना है। अभियान के क्रियान्वयन हेतु जिला, विकासखण्ड एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर सम्माननीय जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में कृषकों को पॉलिसी वितरण का कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। उप संचालक कृषि के अनुसार अभियान का मुख्य उद्देश्य कृषकों को फसल बीमा योजनांतर्गत पॉलिसी के माध्यम से बीमित राशि, बीमाकृत फसल, कुल बीमाकृत प्रीमियम राशि जैसे विवरण के साथ पॉलिसी प्राप्त होती है और निकट भविष्य में आवरित जोखिम के उपरान्त दावा निपटाने हेतु इस पॉलिसी का उपयोग कृषक कर सकते है। कृषकों को पॉलिसी वितरण के अवसर पर उप संचालक कृषि श्री संदीप कुमार भोई एवं अन्य अधिकारीगण, बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि तथा कृषकगण उपस्थित थे।



### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

**ईश्तहार**

**राजस्व प्रकरण कमांक अ/6 क्रमांक वर्ष 2023-24**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक लखवीर कौर आ पति- रेशम सिंह साकिन चंद्र नगर कोहका द्वारा ग्राम कोहका पहन 45 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न 8594/2 रकबा 0.0100 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता हरदीप सिंह आ.मेगा सिंह से कय किया गया है की नामान्तरण किये के सबंध पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है ।

अत: उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 16-10- 2024 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 25.09. 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**भिलाई नगर**

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

**उद्घोषण-पत्र**

**राप्रक्र/202409104700024/अ-6/2022-23**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है। आवेदक / आवेदिका नम्रता अग्रवाल पिता/पति कुलेश्वर प्रसाद अग्रवाल निवासी ग्राम खम्हरिया जुनवानी तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 195 रकबा 1743.76 वर्ग.भूमि को विक्रेता श्री प्रो. अजय चौहान/ विपत उर्फ दीपेश्वर पिता आ. मु0 की ओर से रामकिकर मिश्रा शिव कृष्ण मिश्रा निवासी ग्राम खम्हरिया जुनवानी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक...... को कय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 10/10/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/09/2024को यह उ?द्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

**जारी दिनांक :-26/09/24**
**पेशी दिनांक. 10/10/24**

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**दुर्ग (छ.ग.)**

## संक्षिप्त-खबर

### प्रधान पाठक गफ्फार खान छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न से सम्मानित हुए



**बसना ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजन धारा द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न सम्मान समारोह में शासकीय प्राथमिक शाला छोटे टेमरी के प्रधान पाठक गफ्फार खान को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवम अनुकरणीय कार्य करने के कारण प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और एक पेड़ देकर सम्मानित किया गया। प्रधान पाठक गफ्फार खान दिव्यांग होकर भी ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के लिए लोगों को प्रेरित करते रहते हैं । छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न से सम्मानित होने पर बसना बीईओ जे आर डहरिया, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा , एबीओ विनोद शुक्ला,बद्रीविशाल जोल्हे, लोकेश्वर कंवर, बड़ेटेमरी संकुल समन्वयक वारिश कुमार,शाला प्रबंधन समिति छोटेटेमरी और शुभचिंतकों ने बधाई दी है। प्रधान पाठक गफ्फार खान ने बधाई देने वाले सभी महानुभावों को धन्यवाद प्रकट किया है।

### गांधी जयंती के पूर्व दिवस ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया गया



**पाटन ( समय दर्शन )।** ग्राम भंसूली(के)में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें गांव की गलियों,तालाब,मंदिर देवालय स्थानों को साफसफाई किया गया। ज़िप उपाध्यक्ष अशोक साहू ने इस अभियान में सहयोग कर ग्रामीणों से अपील किया कि अपने घर के आसपास की सफाई की जिम्मेदारी आपकी है,सहयोगात्मक भावना से हम इस अभियान में अपना योगदान दे।स्वच्छता में अपने विचार को भी स्वच्छ रखें।तभी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर तुलसी डहरिया सरपंच,कमलेश साहू उपसरपंच,नीलमणि साहू पूर्व सरपंच,भीम यादव, डा के के साहू,बिरेंद्र देवांगन,पद्मन साहू समस्त पंचगण,जय मां नारी शक्ति महिला स्व सहायता समूह से सुनीति ठाकुर,जयश्री साहू, सुखवंतीन तारक,लता निर्मल,भुनेश्वरी ठाकुर,मधु साहू आदि सम्मिलित हुए।

### जिले के प्रभारी सचिव अंकित आनंद ने वर्चुअल बैठक लेकर जिले में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री, तस्करी की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की समीक्षा की




**बालोद (समय दर्शन)।** बालोद जिले के प्रभारी सचिव श्री अंकित आनंद ने आज जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की वर्चुअल बैठक लेकर बालोद जिले में मनः प्रभावी पदार्थों के अवैध बिक्री, तस्करी की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर कलेक्टर, एसपी सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा जिले में इस संबंध में किए जा रहे उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने बताया कि जिले में मनः प्रभावी पदार्थों के अवैध बिक्री, तस्करी की रोकथाम हेतु समुचित उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं पुलिस अधीक्षक के साथ मिलकर इस कार्य की सतत् मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री एसआर भगत ने भी इस संबंध में पुलिस विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा फूड एवं ड्रग इंस्पेक्टर के द्वारा भी अपने-अपने विभागों के द्वारा जिले में मनः प्रभावी पदार्थों के अवैध बिक्री, तस्करी की रोकथाम हेतु किए जा रहे कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी गई। इस वर्चुअल बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्री चन्द्रकांत कौशिक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# अनुसूचित जाति, जन जाति (अजाक्स) के सदस्यों ने अनुविभागीय अधिकारी पिथौरा को सौंपा ज्ञापन

- पदोन्नति मे आरक्षण को लेकर अजाक्स पिथौरा ने अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**बसना ( समय दर्शन )।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिकारी कर्मचारी संगठन (अजाक्स) के सदस्यों ने मिलकर अपनी जायज मांगों को लेकर स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) पिथौरा को ज्ञापन के माध्यम से मांग पत्र सौंपा है।

माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा पारित अंतिम निर्णय दिनांक 16.04.2024 के अध्याधीन रहते हुए जब तक संवर्गवार क्रान्टीफिएबल डाटा (Quantifiable Data) उपलब्ध नहीं हो जाता तब तक, राज्य में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग को पदोन्नति में आरक्षण प्रदाय किये जाने सहित विभिन्न मांगों के लिए छ.ग. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) वि.ख. पिथौरा की प्रतिनिधि मंडल ने से महामहिम राज्यपाल महोदय एवं माननीय मुख्य मंत्री छ.ग.शासन को अनुविभागीय अधिकारी पिथौरा के माध्यम से ज्ञापन प्रस्तुत कर ध्यान आकृष्ट करते हुए ज्ञापन पत्र सादर प्रस्तुत किया है।

इस दौरान अजाक्स पिदौरा के अध्यक्ष लखन कुर्रे, समानुपात ठाकुर, सुकदेव पैकरा,रेखा दीवान,नरेन्द्र बोरे,के के ठाकुर, ठाकुर सिंह ध्रुव,भानुमति ठाकुर, जमुना नाग,गौतम भोई,अजयकुमार ताण्डी ,महासिंह दीवान,आर के निकरदिया,व्ही के बरिहा, परशुराम बरिहा, पुष्प राज आदि उपस्थित रहे ।

# सीएचसी बसना मे जन औषधि केंद्र का पुनः शुभारंभ



**बसना ( समय दर्शन )।** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के तहत देश में किफायती दामों पर दवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

इस योजना का मकसद, आम लोगों को किफायती दामों पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं और सर्जिकल सामान मुहैया कराना है।

इस योजना के तहत, दवाओं की कीमतें ब्रैंडेड दवाओं से 50-90त्न कम होती हैं। दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए, उन्हें विश्व स्वास्थ्य संगठन के अच्छे विनिर्माण अभ्यास (डब्ल्यूएचओ-जीएमपी) प्रमाणित आपूर्तिकर्ताओं से ही खरीदा जाता है। दवाओं के हर बैच का परीक्षण राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) से मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में किया जाता है। पीएमबीजेपी के तहत, 1800 तरह की दवाएं, 285 तरह के सर्जिकल उपकरण और कई तरह के न्यूट्रास्यूटिकल उत्पाद भी मिलते हैं। पीएमबीजेपी के तहत, दवाओं की बिक्री पर 20त्न तक का कमीशन मिलता है. इसके अलावा, हर महीने की बिक्री पर 15त्न का इंसेंटिव भी दिया जाता है। जन औषधि केंद्र खोलने के लिए, केंद्र सरकार की ओर से फर्नीचर और दूसरी चीज़ों के लिए डेढ़ लाख रुपये तक की मदद मिलती है। पूरे राज्य मे सरकारी चिकित्सालयों मे जन औषधि केंद्र प्रारंभ किया जा रहा है ताकि सरकारी गोदामों से सप्लाई में अगर कोई दवाई मरीज को नहीं मिल पाती तो सस्ते दरों पर जन औषधि से क्रय कर बहुत ही सस्ते दरों मे जीवन रक्षक दवाइयां प्राप्त कर बीमारियों से निजात पा सकते हैं। सरकारी अस्पताल बसना मे जन औषधि केंद्र का प्रारंभ विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल के कर कमलों से प्रारंभ हुआ है।आज सरकारी अस्पताल बसना मे पुनः जन औषधि केंद्र का प्रारंभ विधायक महोदय जी के अनुपस्थिति में विधायक प्रतिनिधि शीत गुप्ता एवं कामेश बंजारा ने फीता काटकर व भगवान धनवंतरि कि पूजा कर किया। जन औषधि संचालक फार्मासिस्ट भूपेन्द्र साहू ने बताया जो दवाइयाँ सीजीएमएससी मे उपलब्ध नहीं उन्ही दवाइयों का क्रय किया जा चुका है और सस्ते दरों मे मरीजों के लिए उपलब्ध है। कार्यक्रम मे डॉ.नारायण साहू, बीपीएम डोलचंद नायक, डॉ.सुनील वैष्णव, खीरसागर नायक फार्मासिस्ट उपस्थित थे।

# बिल्डरों की मनमानी से चोरों को मिल रहा मौका, रहवासियों द्वारा निगरानी कर 5 संदिग्ध को पकड़कर किया पुलिस के हवाले, कालोनी के लोग टीम बनाकर बारी बारी रतजगा कर निगरानी में जुटे




**पाटन ( समय दर्शन )।** अमलेश्वर क्षेत्र में चोरों द्वारा चोरी करने की नियत से खाली घरों में लगातार धावा बोला जा रहा है। मुख्य तौर पर उनके द्वारा खाली घरों को निशाना बनाने की कोशिश की जा रही है। इस क्षेत्र में मौजूद अनेक कॉलोनियों में बिल्डरों द्वारा बाउंड्री वॉल नहीं बनाने के कारण चोरी को कॉलोनियों में घुसने का मौका मिल पा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक दिनांक 18 सितंबर 2024 से लेकर अब तक क्षेत्र में लगभग सात आठ चोरियां हो चुकी है जिनमें मुख्य तौर पर वही नकाबपोश चोर सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दिए है। रात्रि में 11:00 से 4:30 के मध्य, पाहंदा अमलेश्वर मार्ग से आ रहे हैं चोर गिरोह और सूने मकानों को निशाना बना रहे है।

पुलिस और बिल्डरों को सूचना देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होने पर रहवासियों द्वारा जोखिम लेते हुए, कालोनियों को चोरी से बचाने टीम बनाकर स्वय निगरानी की जा रही है । दिनांक 29 सितम्बर 2024 की मध्यरात्रि को हर्षित न्यो सिटी एवं ग्रीन अर्थ सिटी के रहवासियों के सम्मिलित प्रयास के द्वारा पांच संदिग्ध को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया और ग्रीन अर्थ कालोनी में घुस आए चोरों को भगाया गया । रहवासियों द्वारा लगातार अपने कालोनियों की निगरानी की जा रही है और इस प्रकार की घटनाओं के प्रति आक्रोश, डर और दहशत व्याप्त हो गया है। इसके साथ ही बिल्डरों की मनमानी के प्रति रहवासियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

> पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में पेट्रोलिंग की जा रही है। कालोनी में रहने वालो से भी अपील किए है की कोई भी संदिग्ध व्यक्ति नजर आए तो तत्काल पुलिस को सूचना दे।
> **केशव कोशले**
> **थाना प्रभारी अम्लेश्वर थाना**

# पेंड्रीतराई स्कूल में मानव श्रृंखला,नुक्कड़ नाटक, हाथ धुलाई से स्वच्छता ही सेवा का दिया संदेश






शासकीय प्राथमिक एवम् पूर्व माध्यमिक शाला पेंड्रीतराई, संकुल सेमरिया विकासखंड धमधा जिला दुर्ग में 30 सितंबर को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अन्तर्गत शाला के शिक्षको,छात्रों और स्वच्छता दीदीयो के द्वारा स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ ।प्रधानमंत्री के आह्वान पर स्वच्छ भारत के संकल्पना और राज्य शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा शालाओं, गांवों में मनाया जा रहा है ।स्वच्छता दीदियो और शाला परिवार के सयुक्त सहभागिता से मानव श्रृंखला बनाकर , शपथ ग्रहण कर,बच्चो को हाथ धुलाई के विभिन्न चरणों ,नुक्कड़ नाटक के प्रदर्शन द्वारा लोगो को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने का प्रयास किया गया ।संकुल समन्वयक सूर्यकांत हरदेल ने बच्चो को प्रेरित करते हुए कहा पहले स्वयं से स्वच्छता के लिए व्यवहार में परिवर्तन लाना है,अपने घर,आसपास , गली मोहल्ले,चौक चौराहे को सफाई करने के लिए लोगो को जागरूक करना है,बच्चो को पोलीथीन ,विभिन्न प्रकार के पकेटो को फेकने के बजाय एक एक पानी का बोतल में इकट्ठा करना ,जिन छात्रों का बोतल पहले भर जाएगा उन्हे प्रोत्साहित किया जाएगा कहा गया और इकट्ठा हुए चीजों के उपयोग के बारे में भी बताया गया ।इस कार्यक्रम में स्वच्छता दीदियों रोषणी खुटेल,उर्मिला डहरिया, गुलाबा, रत्ना,रेखा, चितरेखा ,प्रधान पाठक दीप्ति किरण तिर्की, प्रधान पाठक थान सिंह चुरेंद्र,सीएसी सूर्यकांत हरदेल,संतोष कुमार पात्रे, नीलम शशि कुजूर, चंद्रकांत, षडानंद देशलहरे, मिथलेश कुमार जायसवाल और छात्रों की अहम भूमिका रही।

# किरंदुल परियोजना द्वारा राईस मिल और फ्लोर मिल प्रदान




**दंतेवाड़ा ( समय दर्शन )।** किरंदुल-एनएमडीसी लिमिटेड की महत्वपूर्ण परियोजना बीआईओएम कॉम्पलेक्स, किरंदुल के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही के निर्देशन एवं उप महाप्रबंधक (कार्मिक) बी.के. माधव के मार्गदर्शन में एनएमडीसी प्रबंधन अपने कर्मचारियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने एवं सुख-सुविधाएं मुहैया कराने के साथ ही परियोजना के परिक्षेत्रीय विकास हेतु प्रतिबद्ध है। इसी के तहत एनएमडीसी प्रबंधन ने अपने आसपास के ग्रामवासियों के जीवन स्तर को बढ़ाने और मुख?यधारा से जोड़ने के लिए निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं, आश्रम भवन, स्वच्छ पेयजल, सड़क,पुल पुलिया मुहैया कराया है। इसी के तहत ग्राम कड़मपाल के ग्रामीणों के विकास एवं जन सुविधा हेतु सीआरएस मद से राईस मिल और फ्लोर मिल प्रदान की गई। इस अवसर पर परियोजना सीएसआर विभाग के एस.आर.गावड़े, प्रबंधक (सिविल) तथा भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। ऐसे प्रशंसनीय कार्य एवं त्वरित कार्रवाई के लिए रामनाथ, उप महाप्रबंधक (सिविल) और विवेक कुमार रक्षा, वरि. प्रबंधक (सीएसआर) का योगदान रहा है।




स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26